

स्तर 1

# डिजिटल नागरिक

छात्र पुस्तिका

# विषयसूची

01\.
डिजिटल नागरिकता में आपका स्वागत है

02\.
डिजिटल दुनिया में आपका स्वागत है

03\.
डिवाइस सेटिंग्स और मजबूत पासवर्ड की जरूरत को समझना

04\.
स्वयं को ऑनलाइन कैसे प्रस्तुत करें

05\.
ऑनलाइन तौर पर जिम्मेदारीपूर्ण और नैतिक व्यवहार कैसे करें

06\.
नेटिक्यूऐट - वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, ईमेल और सोशल नेटवर्किंग

07\.
आइए अपने डिजिटल फुटप्रिंट्स के बारे में जानें

08\.
क्या आप मुझे फॉलो कर रहे हैं?

09\.
अपने स्क्रीन टाइम को ट्रैक करने का महत्व

10\.
संतुलन कैसे बनाया रखें

11\.
व्यक्तिगत सुरक्षा: इंटरनेट उपयोग के संबंध में "क्या करें और क्या न करें" को समझना

12\.
डिजिटल सुरक्षा, फ़ायरवॉल और स्पैम

13\.
साहित्यिक चोरी क्या है और इससे कैसे बचा जाए?

14\.
क्या मैं एक जिम्मेदार डिजिटल रचनाकार (क्रिएटर) हूँ?

15\.
प्रलोभन या बेट पर क्लिक करना!

16\.
ग्रुप प्रोजेक्ट

अध्याय 1

# डिजिटल नागरिकता में आपका स्वागत है

# 01. सामान्य जानकारी

दुनिया तेजी से डिजिटल होती जा रही है। जैसे ही हम इस डिजिटल दुनिया में प्रवेश करते हैं, हमको ऑनलाइन कई प्रकार की चीजें देखने को मिल जाती हैं। जरूरी नहीं कि सभी तरह की चीजें हमारे लिए उचित हों। क्या ऐसा कोई तरीका है, जिससे हम पता लगा सकें कि कौन सी चीजें हमारे लिए सही है और कौन सी नहीं? क्या ऐसी कुछ बाते हैं जिनके बारे में हमें ऑनलाइन जानने से जानकारी होनी चाहिए? डिजिटल नागरिकता पर यह अध्याय इन सभी सवालों और साथ ही साथ कई तरह के अन्य जरूरी सवालों के जवाब प्रदान करता है।

## 1.1 इस अध्याय को पूरा करने के बाद आप:

इस मॉड्यूल को पूरा करने के बाद

- आप 'नागरिक' और 'नागरिकता' शब्दों का अर्थ बता सकते हैं।
- आप एक नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों को और 'यथोचित प्रतिबंध' की अवधारणा को समझा सकते हैं
- आप 'डिजिटल नागरिक' का अर्थ बता सकते हैं।
- एक अच्छे डिजिटल नागरिक की जिम्मेदारियों को पूरी तरह समझना
- इस पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने वाले डिजिटल नागरिकता के पहलुओं का नाम बताएं

# 02. शिक्षण योजना

## 2.1 नागरिकता

**नागरिकता क्या है?**

नागरिकता को आमतौर पर राष्ट्रीयता के पर्यायवाची के रूप में प्रयोग किया जाता है। ग्लोबल सिटिजनशिप ऑब्जर्वेटरी के अनुसार नागरिकता को निम्नलिखित रूप में परिभाषित किया गया है:
एक व्यक्ति और एक राज्य (देश/राष्ट्र) के बीच ऐसी कानूनी स्थिति और ऐसा संबंध जिसमें उस व्यक्ति को विशिष्ट कानूनी अधिकार मिलते हैं और उसको विशिष्ट कर्तव्यों का पालन भी करना होता है।

**नागरिक होने का मतलब क्या है?**

1. एक नागरिक को कुछ मौलिक अधिकार मिलते हैं, जो उस देश की सरकार द्वारा दिए जाते हैं जिसका वह नागरिक है। भारत का संविधान भारतीय नागरिकों को निम्नलिखित छह मौलिक अधिकार प्रदान करता है:
   - समानता का अधिकार
   - स्वतंत्रता का अधिकार
   - शोषण के विरूद्ध अधिकार
   - धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
   - सांस्कृतिक एवं शिक्षा का अधिकार
   - संवैधानिक उपचारों का अधिकार

2. इन अधिकारों के बदले में, देश नागरिकों से अपेक्षा करता है कि वे कुछ कर्तव्यों का पालन करें और कुछ जिम्मेदारियाँ भी पूरी करें, जैसे कि देश के प्रति निष्ठा की प्रतिज्ञा लेना, करों का भुगतान करना और देश के कानून का पालन करना।

### प्रमुख प्रश्न

**आप कौन से देश के नागरिक हैं?**

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

**क्या आप दो अधिकार बता सकते हैं जो आपका देश एक नागरिक के रूप में आपको देता है?**

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

**यदि बाढ़ में कोई पुल बह जाए, तो आप अपने देश से क्या उम्मीद करेंगे कि वह अपने नागरिकों की मदद कैसे करे?**


..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

**नोट:** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत, राज्य संविधान में परिभाषित छह मौलिक अधिकारों पर यथोचित प्रतिबंध लगा सकता है

**'यथोचित' प्रतिबंध क्या है?**

यदि देश अपने नागरिकों के अधिकारों पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लेता है, तो वह प्रतिबंध 'यथोचित' होना चाहिए। दूसरे शब्दों में कहें, तो यह न तो बहुत सख्त होने चाहिए और न ही बहुत उदार होने चाहिए। हालाँकि यह विशेष रूप से भारत के संविधान में परिभाषित नहीं है, लेकिन फिर भी आप स्वयं से पूछ सकते हैं, कि क्या किसी भी व्यक्ति को कोई प्रतिबंध 'यथोचित' लगना चाहिए या नहीं।



## प्रमुख प्रश्न

**आपके अनुसार यथोचित प्रतिबंध क्या है? यदि आप अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उपयोग करना चाहते हैं, तो किस प्रकार की अभिव्यक्तियाँ उचित नहीं मानी जायेंगीं?**

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

**इसके बारे मे सोचें: आपने एक ब्लॉग लिखा, जिसमें आपने कहा कि कुछ लोगों को उनके द्वारा कही गई किसी बात के कारण मार दिया जाना चाहिए। क्या आपको लगता है कि सरकार का यह कहना उचित होगा कि आपको ऐसा बयान देने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए?**

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................


........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................





## गतिविधि

### नागरिकता वर्कशीट

बाईं ओर के कॉलम में दी गई प्रत्येक प्रकार की स्वतंत्रता का दाईं ओर के कॉलम में दिये गये योथोचित प्रतिबंध के साथ मिलान करें

| स्वतंत्रताएं | यथोचित प्रतिबंध |
|---|---|
| अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता | हिंसा फैलने से रोकने के लिए किसी व्यक्ति/समूह की आवाजाही पर प्रतिबंध |
| संघ एवं यूनियन बनाने की स्वतंत्रता | जुए और नशीली दवाओं की बिक्री जैसे व्यवसायों पर प्रतिबंध |
| शांतिपूर्वक और बिना हथियार के एकत्र होने की स्वतंत्रता | किसी हवाई अड्डे के बहुत नजदीक आवास विनिर्माण पर प्रतिबंध |
| भारत के समस्त क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से घूमने की स्वतंत्रता | नफरत फैलाने वाले भाषण या भाषा के इस्तेमाल पर रोक लगाना जिससे सांप्रदायिक हिंसा भड़क सकती है। |
| भारत के किसी भी भाग में रहने और बसने की स्वतंत्रता | आतंकवादी गतिविधियों को सहयोग करने वाले संगठनों पर प्रतिबंध |
| कोई भी पेशा अपनाने या कोई व्यवसाय, ट्रेड या व्यवसाय करने की स्वतंत्रता | प्रदर्शनकारियों से अपने पास हथियार न रखने की अपील की जाती है। |

## 2.2 डिजिटल नागरिकता

**डिजिटल नागरिक क्या है?**

Dictionary.com, के अनुसार डिजिटल नागरिक है:
एक व्यक्ति जो इंटरनेट और अन्य डिजिटल प्रौद्योगिकी का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए कौशल व ज्ञान विकसित करता है और यह विशेष रूप से सामाजिक एवं नागरिक गतिविधियों में जिम्मेदारी से भाग लेने के लिए करता है।

डिजिटल नागरिकता पर यह वीडियो देखें


### प्रमुख प्रश्न

**एक डिजिटल नागरिक की विशेषताएं क्या हैं?**

**ऑनलाइन दुनिया की निगरानी कौन करता है?**

**सोचें!**

यदि कोई भी इंटरनेट की निगरानी नहीं कर रहा है, तो यह हम सभी पर निर्भर करता है कि हम सभी कार्य जिम्मेदारी से करें। इसमें कुछ 'यथोचित प्रतिबंधों' का पालन करना भी शामिल हो सकता है, भले ही उन्हें किसी सरकारी निकाय द्वारा विशेष रूप से लागू न किया गया हो।



गतिविधि

**आइये एक माइंड मैप बनाते हैं**

**अवधि:** 8 मिनट


**एक अच्छा डिजिटल नागरिक कौन होता है?**

## 2.3. डिजिटल नागरिकता में आपका स्वागत है!

**डिजिटल नागरिक कौन है ?**

यह पाठ्यक्रम आपको डिजिटल नागरिकता के बुनियादी पहलुओं को सिखाने के लिए तैयार किया गया है। नीचे दिए गए प्रत्येक विषय को इस कौशल पाठ्क्रम के अलग-अलग अध्यायों में विस्तार से समझाया गया है। स्तर 1 के अंत तक, आप डिजिटल नागरिकता के निम्नलिखित 7 बुनियादी पहलुओं को सीख चुके होंगें:

- **डिजिटल दुनिया में आपका स्वागत है:**
  अपने डिवाइस और इंटरनेट की बुनियादी बातों के बारे में जानकारी
- **डिजिटल शिष्टाचार:**
  समझना कि जब आप ऑनलाइन हों तो कैसा व्यवहार करना चाहिए
- **गोपनीयता और आपके डिजिटल फ़ुटप्रिंट:**
  जानना कि आप ऑनलाइन किस प्रकार का प्रभाव छोड़ते है ?
- **डिजिटल स्वास्थ्य:**
  जानना कि ऑनलाइन और ऑफलाइन दुनिया में संतुलन बनाकर कैसे स्वस्थ रहें
- **साइबर सुरक्षा:**
  जानना कि आपके डिवाइस को सुरक्षित कैसे रखा जाता है
- **सूचना साक्षरता:**
  जब आप शोध के लिए इंटरनेट का उपयोग करते हैं, तो अपनी जिम्मेदारियों के बारे में जानना
- **साइबर शोषणकर्ता:**
  जानना कि विज्ञापनदाता आपको खरीददारी करने के लिए कैसे प्रेरित करने का प्रयास करते हैं



## गतिविधि

### अभ्यास

**अवधि:** 3 मिनट

**नागरिकता है...........**

क. दो व्यक्तियों के बीच संबंध
ख. व्यक्तियों और देश के बीच संबंध
ग. एक देश के भीतर दो राज्यों के बीच संबंध
घ. दो या दो से अधिक देशों के बीच संबंध

**अपने देश के नागरिक के रूप में............**

क. आपको कुछ अधिकार मिले हुए हैं।
ख. आपके कुछ कर्तव्य हैं।
ग. आपके पास आधार कार्ड है।
घ. आपके पास अधिकार और कर्तव्य हैं।

**एक डिजिटल नागरिक ...................... का नागरिक होता है।**

क. भौतिक दुनिया
ख. डिजिटल दुनिया
ग. संयुक्त राष्ट्र
घ. इंटरनेट

**इंटरनेट पर यथोचित प्रतिबंध हो सकता है...........................**

क. लोगों को उनका डेटा सुरक्षित रखने की अनुमति नहीं देना
ख. किसी गेम में दोस्तों को मिलने और एक साथ खेलने की अनुमति न देना
ग. 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को अपना सोशल मीडिया अकाउंट बनाने की अनुमति नहीं देना
घ. अध्यापक द्वारा छात्रों को उनका होमवर्क ईमेल पर भेजने की अनुमति नहीं देना

# NOTES

# 03. अतिरिक्त रिसोर्स

वीडियो| "हम डिजिटल नागरिक हैं," सामान्य ज्ञान शिक्षा

# अध्याय 2

# डिजिटल दुनिया में आपका स्वागत है

# 01. सामान्य जानकारी

हम जहाँ भी जाएं, स्वयं को डिजिटल डिवाइसों से घिरे पाते हैं। आप अपने स्कूल के काम करने के लिए कंप्यूटर का उपयोग कर सकते हैं, इंटरनेट पर क्रिकेट देख सकते हैं, या स्मार्टफोन की मदद से किसी मित्र को संदेश भेज सकते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि आपकी डिजिटल डिवाइसें वास्तव में कैसे काम करती हैं? ऐसा क्या है, जिसकी वजह से आपका कंप्यूटर काम करता है? और यह इंटरनेट से कैसे कनेक्ट होता है? इस अध्याय में, चलिए डिजिटल दुनिया की मूल बातों के बारे में जानते हैं।

## 1.1 सीखने के उद्देश्य

इस अध्याय को पूरा करने के बाद आप:

1. समझ पायेंगे कि कंप्यूटर सूचनाओं को कैसे प्रोसेस करता है।
2. बता पायेंगें कि हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के बीच क्या अंतर होता है।
3. पहचान पायेंगें कि कंप्यूटर सिस्टम से जुड़ने वाली पेरिफेरल डिवाइसें कौन सी होती हैं।
4. विभिन्न प्रकार के सॉफ़्टवेयर और कंप्यूटर/मोबाइल एप्लिकेशनों को वर्गीकृत कर पायेंगें।
5. बता पायेंगें कि 'नेटवर्क', 'इंटरनेट' और 'एप्लिकेशन' शब्दों का अर्थ क्या होता है।
6. समझा पायेंगें कि लोकल और वाइड एरिया नेटवर्क के बीच अंतर क्या होता है।
7. अपने कंप्यूटर पर बुनियादी जानकारी ढूंढ पायेंगें, जैसे ऑपरेटिंग सिस्टम कौन सा है, आपके कंप्यूटर में कौन से ऐप्स मौजूद हैं, इत्यादि
8. सीख पायेंगें कि अपने कंप्यूटर पर फ़ोल्डर कैसे बनाते हैं और फ़ाइल को फ़ोल्डर में कैसे सेव करते हैं।
9. सीख पायेंगें कि बेसिक इंटरनेट सर्च कैसे करते हैं।

# 02. शिक्षण योजना

## 2.1 डिजिटल डिवाइसों से जुड़ी सामान्य जानकारी

सबसे पहले अपने घर या स्कूल में दिखने वाली अलग-अलग तरह की कंप्यूटर डिवाइसों की सूची बनायें और कंप्यूटिंग के लिए उनके उपयोग लिखें।

| डिवाइस | उपयोग |
|---|---|
| 1. | 1. |
| 2. | 2. |
| 3. | 3. |
| 4. | 4. |
| 5. | 5. |

आप पहले से ही जानते हैं कि इन डिवाइसों का उपयोग कैसे करना है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि ये सभी डिवाइस काम कैसे करते है ?

यह सभी कंप्यूटर डिवाइसबहुत ही आसान फ़ॉर्मूले पर काम करते है:
**इनपुट -> प्रोसेस -> आउटपुट**




**परिभाषाएँ जो आपको पता होनी चाहिए!**

**कंप्यूटर**
एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जिसका उपयोग डेटा या सूचनाओं को प्रोसेस करने, संग्रहीत करने और प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है।

**इनपुट**
सूचना या डेटा जो कंप्यूटर या मशीन पर भेजा जाता है या उसमें दर्ज किया जाता है।

**प्रोसेसिंग**
कोई भी ऑपरेशन जो कंप्यूटर द्वारा किसी भी प्रोग्राम के माध्यम से इनपुट डेटा पर किया जाता है।

**आउटपुट**
कंप्यूटर या कंप्यूटिंग उपकरण द्वारा उत्पन्न सूचना या डेटा।



## गतिविधि

### इनपुट -> प्रोसेस -> आउटपुट वर्कशीट

**अवधि:** 10 मिनट

चलिए अब इन शब्दों का उपयोग करते हुए इनको अच्छी तरह समझते है !

**प्रथम बिंदु:** बाईं ओर के कॉलम में मौजूद वस्तुओं को देखें। क्या ये इनपुट हैं, आउटपुट हैं या प्रोसेस हैं? प्रत्येक को उसके सही स्थान पर रखें। उसके बाद सोचें: इस वस्तु के लिए शेष फार्मूला कैसे पूरा कर सकतें है ?

पहला फॉर्मूला आपको समझाने के लिए लिए पहले से ही पूरा किया हुआ है।

| | इनपुट | प्रोसेस | आउटपुट |
|---|---|---|---|
| खीरे का सैंडविच | कच्चा खीरा और ब्रेड के दो स्लाइस | खीरे के टुकड़े करें और टुकड़ों को ब्रेड के दोनों स्लाइस के बीच रखें। | खीरे का सैंडविच |
| एक पेड़ का चित्र | | | |
| एक कप चाय | | | |
| एक नई शर्ट | | | |

**कदम 2:** क्या आप 'इनपुट -> प्रोसेस -> आउटपुट' अवधारणा के कुछ अन्य उदाहरण बता सकते हैं? यदि हाँ , तो उनका उल्लेख यहाँ करें |

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................


........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................



**कदम 3:** अब, देखें कि यह आपके कंप्यूटर से कैसे संबंधित हैं। आइए इस वीडियो से समझते है कि कंप्यूटर कैसे काम करते हैं।

**कदम 4:** अब जब आप 'इनपुट -> प्रोसेस -> आउटपुट' अवधारणा को समझ गए हैं, तो इस फॉर्मूले पर चलने वाले कंप्यूटर के किसी काम का कोई एक उदाहरण देने का प्रयास करें।

उसका एक उदाहरण यहाँ है

इनपुट: मैं वर्ड प्रोसेसिंग एप्लिकेशन का उपयोग करके अपना होमवर्क एक डॉक्यूमेंट टाइप में करता/करती हूँ।

प्रोसेस: कंप्यूटर मेरे शब्दों को डॉक्यूमेंट पर व्यवस्थित कर देता है। यह मेरी वर्तनी, व्याकरण और शब्दावली (स्पेलिंग, ग्रामर और वोकेबुलरी) के आधार पर उसमें बदलाव के सुझाव भी देता है।

आउटपुट: मैं अपना डॉक्यूमेंट कंप्यूटर स्क्रीन पर पढ़ सकता/सकती हूँ।

**कदम 5:** अब, आपकी बारी है। क्या आप किसी अन्य उदाहरण के बारे में बता सकते हैं?

इनपुट: ..............................................................................................................................

प्रोसेस: ..............................................................................................................................

आउटपुट: ..........................................................................................................................

**सोचें!**

यदि कंप्यूटर का मुख्य काम इनपुट को प्रोसेस करना है, तो उसे कैसे पता चलता है, कि उसे क्या करना है?

## 2.2. हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर

अब जब आप अपनी डिजिटल डिवाइसों से जुड़ी मूल बातें समझ गए हैं, तो आइए जानते हैं कि उनके मुख्य हिस्से कौन-कौन से हैं।

**परिभाषाएँ जो आपको पता होनी चाहिए!**

**हार्डवेयर**
कंप्यूटर का कोई भी हिस्सा जिसे हम देख तथा छू सकते है, इसमें डिवाइस के अंदर लगे हिस्से भी शामिल हैं।
**उदाहरण:** स्मार्टफोन, कीबोर्ड, माउस, बैटरी, कंप्यूटर चिप, मदरबोर्ड

**पेरिफेरल**
एक हार्डवेयर डिवाइस जिसका उपयोग कंप्यूटर में सूचना का इनपुट करने और उसके आधार पर जानकारी पाने के लिए किया जाता है।
**उदाहरण:** कीबोर्ड, माउस, मॉनिटर, स्पीकर, कैमरा

**सॉफ्टवेयर**
निर्देशों का ऐसा समूह जो हार्डवेयर को बताता है कि क्या करना है और कैसे करना है।
**उदाहरण:** एक कंप्यूटर प्रोग्राम, एक ऑपरेटिंग सिस्टम, आपके स्मार्टफ़ोन पर एक ऐप

आइए अब इस वीडियो को देखें और जानें कि हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के बीच क्या अंतर होता है।

हार्डवेयर कंप्यूटर के भौतिक भागों (आंतरिक और बाहरी दोनों) का एक कलेक्शन होता है। हार्डवेयर का सबसे जरूरी हिस्सा सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट या सीपीयू होता है, जो आपके कंप्यूटर को यह जानने में मदद करता है कि उसे करना क्या है। सीपीयू को कंप्यूटर का "दिमाग" कहा जाता है। यह निर्देश भेजता है, जिनसे कंप्यूटर के अन्य हिस्सों को पता चलता है, कि उनको क्या करना है।



सॉफ़्टवेयर निर्देशों का सेट होता है, जो कंप्यूटर को बताता है कि काम कैसे करना है।

सॉफ्टवेयर दो प्रकार के होते हैं:


**1. ऑपरेटिंग सिस्टम:**
यह ऐसा सॉफ़्टवेयर होता है, जो कंप्यूटर के ऑपरेशन को कंट्रोल करता है और प्रोग्रामों की प्रोसेसिंग को निर्देशित करता है। जब भी आप कोई कंप्यूटर या फोन खरीदते हैं, तो ऑपरेटिंग सिस्टम आमतौर पर डिवाइस पर पहले से ही लोड रहता है।

ऑपरेटिंग सिस्टम के उदाहरण विंडोज (माइक्रोसॉफ्ट का ऑपरेटिंग सिस्टम), एंड्रॉयड (गूगल का ऑपरेटिंग सिस्टम), आईओएस (एप्पल का ऑपरेटिंग सिस्टम) हैं।

**नोट:** 'ऑपरेटिंग सिस्टम' को आमतौर पर छोटा करके ओएस बोला जाता है, जैसे 'विंडोज ओएस'

**2. एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर:**
यह एक ऐसा सॉफ़्टवेयर होता है, जो आपको किसी विशेष तरह के काम करने की सुविधा देता है। उदाहरण के लिए, यदि आप एक प्रेजेंटेशन बनाना चाहते हैं, तो आप माइक्रोसॉफ्ट पावरपॉइंट नाम के एप्लिकेशन-सॉफ़्टवेयर प्रोग्राम का उपयोग कर सकते हैं। एप्लिकेशन को संक्षेप में 'ऐप्स' बोला जाता है।

क्या आप कुछ ऐप्स के बारे में बता सकते हैं?
1. .......................................................................................................................................
2. .......................................................................................................................................
3. .....................................................................................................................................



## गतिविधि

### हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर?

**अवधि:** 5 मिनट

निम्नलिखित में से प्रत्येक के आगे 'हार्डवेयर' या 'सॉफ़्टवेयर' लिखें।

- मॉनिटर
- एंड्रॉयड
- गूगल मैप्स
- माउस
- सीपीयू
- स्वीगी ऐप
- गेम कंट्रोलर
- टेबलेट स्क्रीन
- ईयर बड्स
- इंटरनेट ब्राउज़र
- व्हाटसएप

## 2.3. इंटरनेट

हमने सीखा कि डिजिटल डिवाइसें काम कैसे करती हैं और उनके अलग-अलग हिस्से क्या काम करते हैं। आइए अब इंटरनेट के बारे में समझते हैं।

इस वीडियो से हमें पता चलेगा
कि इंटरनेट कहाँ से आता है।

### प्रमुख प्रश्न

**इंटरनेट क्या है? यह कैसे काम करता है?**

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................


..............................................................................................................................................

### परिभाषाएँ जो आपको पता होनी चाहिए!

**नेटवर्क**
जब दो या दो से अधिक कंप्यूटर या कंप्यूट डिवाइसें इलेक्ट्रॉनिक रूप से संचार (कम्युनिकेट) करने के लिए एक दूसरे से जुड़ी होती हैं।

**लोकल एरिया नेटवर्क (लेन)**
एक छोटा नेटवर्क - इससे कंप्यूटर डिवाइसों को इंटरनेट से कनेक्ट करने और कई बार नेटवर्क पर कई डिवाइसों को एक-दूसरे से कनेक्ट करने की सुविधा मिलती है, उदाहरण के लिए किसी ऑफिस, स्कूल, कॉफी शॉप या घर में इसका उपयोग देखा जा सकता है।

**वाइड एरिया नेटवर्क (डब्ल्यूएएन)**
एक नेटवर्क जो किसी बड़े भौगोलिक क्षेत्र तक फैला होता है।



## गतिविधि

### **आइये कंप्यूटर के बारे में अधिक जानें!**

**अवधि:** 10 मिनट

**कदम 1:** अपने कंप्यूटर को बूट करें और अपने अध्यापक के बताए अनुसार इसे चलाने के लिए तैयार हो जाएं।

**कदम 2:** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

- आपके कम्प्यूटर का ओएस क्या है?

  ..........................................................................................................................

- आपके कम्प्यूटर में किस तरह का सीपीयू है?

  ..........................................................................................................................

- कम से कम ऐसे दो ऐप्स के नाम बताएं जिन्हें आप अपने कंप्यूटर पर देख सकते हैं

  ..........................................................................................................................

- अपने कंप्यूटर से जुड़ी दो पेरिफेरल डिवाइसों के नाम बतायें।


  ..........................................................................................................................

**कदम 3:** अब 'फ़ाइल एक्सप्लोरर' पर जाएँ

- 'दिस पीसी' पर जाएँ
- देखें कि क्या 'दिस पीसी' के नीचे कोई फ़ोल्डर है।
- 'डॉक्यूमेंट' फ़ोल्डर पर जाएँ।
- चलिए अब एक नया सब-फ़ोल्डर बनाएं और इसे 'टेस्ट फ़ोल्डर' का नाम दें
- पावरपॉइंट शुरू करें और एक स्लाइड बनाएं जिस पर आपका नाम, आपके स्कूल का नाम, आपकी कक्षा और आपके अध्यापक का नाम लिखा हो।
- अब इस पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन को उस फ़ोल्डर में सेव कर लें, जो आपने बनाया था।

**कदम 4:** अब इंटरनेट पर जाएँ

- अपने इंटरनेट ब्राउज़र का आइकन ढूंढें। क्या आपको मिला?
- आइकन पर क्लिक करें और Google.com पर जायें।
- सर्च बार में “मोहनदास गांधी” टाइप करें।
- आपको कौन से सर्च रिजल्ट प्राप्त हुए?



## गतिविधि

### अभ्यास

**अवधि:** 5 मिनट

चलिए देखते हैं , कि हमने अभी क्या-क्या सीखा है

**1. अपने कंप्यूटर के ओएस का नाम बताएं:**

..........................................................................................................................................

**2. कम्प्यूटर का दिमाग किसे कहा जाता है:**

A. एमसीयू
B. सीपीयू
C. पीसीयू
D. जीपीयू

**3. हार्डवेयर का दूसरा नाम क्या है, जिससे आपको कंप्यूटर में सूचनाएं दर्ज करने में मदद मिलती है**

..........................................................................................................................................

**04. हम इंटरनेट से किसकी मदद से कनेक्ट होते हैं:**

A. सैटेलाइटों
B. पावर लाइनों
C. अंडरवाटर केबल्स से
D. मोबाइल नेटवर्क से

**05. लेन का पूरा नाम है:**

A. लोकल एरिया नेटवर्क
B. लिटिल एरिया नेटवर्क
C. लो-कॉस्ट एरिया नेटवर्क
D. लकी एरिया नेटवर्क

**06. कोई भी कंप्यूटर निम्नलिखित में से किस तरीके से काम करता है?**

A. आउटपुट-प्रोसेस-इनपुट
B. इनपुट-आउटपुट-प्रोसेस
C. इनपुट-प्रोसेस-आउटपुट
D. आउटपुट-इनपुट-आउटपुट

# NOTES

## NOTES

## 03. अतिरिक्त रिसोर्स

1. आर्टिकल और वीडियो | “"नेटवर्किंग-लेन/वेन"”, एरोन फिशबैक, कैबोट लर्निंग फेडरेशन, 31 मार्च, 2020

2. वीडियो| “इंटरनेट - यह कैसे काम करता है! | इंटरनेटस्टिफ्टेलसन”, इंटरनेटस्टिफ्टेलसन, 9 दिसंबर, 2014

अध्याय 3

# डिवाइस सेटिंग्स और मजबूत पासवर्ड को समझना

# 01. सामान्य जानकारी

सभी कंप्यूटर और कंप्यूटिंग डिवाइसों जैसे फ़ोन या टैबलेट में पहले से ही स्टैंडर्ड सेटिंग्स इंस्टॉल की हुई मिलती हैं। ये सेटिंग्स आपको डिवाइस की लुक और फील बदलने, डिफ़ॉल्ट ऐप्स सेट करने या हटाने और बैटरी लाइफ सेव करने में मदद करती हैं। यदि आप इन फीचरों में कोई बदलाव करना चाहते हैं, तो आपको अपने डिवाइस के बारे में पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, काफी सारे सुरक्षा से जुड़े ऐसे फीचर होते हैं, जिन्हें आपको सभी डिवाइसों पर चालू रखना चाहिए, जैसे कि एक स्ट्रॉन्ग पासवर्ड। इससे आपकी डिवाइस को चोरों या यहाँ तक कि भाई-बहनों व रिश्तेदारों से भी सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी, जो यह देखने की कोशिश करते हैं, कि आप डिवाइस में क्या कर रहे हैं।

## 1.1 सीखने के उद्देश्य

इस अध्याय को पूरा करने के बाद, आप:

- आप अपने कंप्यूटर की बैकग्राउंड इमेज बदलना सीख जायेंगें।
- आप अपनी कंप्यूटर स्क्रीन को लॉक करना सीख जायेंगें।
- अपना इंटरनेट कनेक्शन चेक करना और मौजूद नेटवर्क चेक करना सीख जायेंगें।
- सिक्योर पासवर्ड क्या है और इसकी जरूरत को समझ जायेंगें।
- एक स्ट्रॉन्ग पासवर्ड बनाना सीख जायेंगें।
- टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन के बारे में समझ जायेंगें।

## 1.2 पहले से जानकारी

इस अध्याय को शुरू करने से पहले, आपको निम्नलिखित के बारे में अच्छी जानकारी होनी चाहिए:

- कंप्यूटर और कंप्यूटिंग डिवाइस तथा उनके हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर
- नेटवर्क की बेसिक जानकारी
- इंटरनेट की बेसिक जानकारी


# 02. शिक्षण योजना

## 2.1 अपने कंप्यूटर को नेविगेट करना

### गतिविधि


**विंडोज़ सेटिंग्स एक्सप्लोर करना**


**अवधि:** 10 मिनट



**कदम 1:** अपने कंप्यूटर को बूट करें और देखें कि कुछ सेटिंग्स कैसे बदली जाती हैं।

**कदम 2:** विंडोज़ सर्च बार में, 'सेटिंग्स' शब्द टाइप करें।






**कदम 3:** 'सेटिंग्स' तक पहुंचने का दूसरा तरीका 'स्टार्ट' मेनू बटन पर क्लिक करना है। 

इसके बाद, कॉग जैसे आकार वाले आइकन पर क्लिक करें। 

कई तरह की अलग-अलग सेटिंग्स की सूची वाली एक नई विंडो खुल जायेगी, जिनको आप एडजस्ट कर सकते हैं। इन सेटिंग्स में 'सिस्टम', 'डिवाइसेस', 'टाइम व लैंग्वेज', 'नेटवर्क व इंटरनेट' जैसे नाम होंगे।


यह कुछ इस तरह की दिखाई दे सकती है:






गतिविधि


या, यह कुछ इस तरह की दिखाई दे सकती है:





आइए अब अपने डेस्कटॉप पर बैकग्राउंड इमेज को बदलना सीखते हैं।


**कदम 4:** 'पर्सनलाइज़ेशन' चुनें। आपको 'बैकग्राउंड', 'कलर्स' और 'लॉक स्क्रीन' जैसे कुछ विकल्प दिखाई देंगे।





Find a setting
System
Display, sound, notifications, power
Devices
Bluetooth, printers, mouse
Phone
Link your Android, iPhone
Network & Internet
Wi-Fi, airplane mode, VPN
Personalization
Background, lock screen, colors
Apps
Uninstall, defaults, optional features
Accounts
Your accounts, email, sync, work, family
Time & Language
Speech, region, date
Gaming
Xbox Game Bar, captures, Game Mode
Ease of Access
Narrator, magnifier, high contrast
Search
Find my files, permissions
Privacy
Location, camera, microphone



Personalization
Background
Colors
Lock screen
Themes
Fonts
Start
Taskbar

**कदम 5:** आइए सबसे पहले 'बैकग्राउंड' चुनें। यहाँ से आप अपने डेस्कटॉप की इमेज बदल सकते हैं।




**कदम 6:** एक नई फ़ोटो चुनें और अपना डेस्कटॉप चेक करें। बहुत बढ़िया! आपने अभी सीखा कि अपने डेस्कटॉप का बैकग्राउंड कैसे बदल सकते हैं।







गतिविधि

आप अपनी स्वयं की कोई फ़ोटो भी लगा सकते हैं, अगर आपने इसे पहले से ही अपने डेस्कटॉप पर किसी फ़ोल्डर में सेव कर रखी है। आइए इसे एक बार लगाकर देखते हैं।

**कदम 7:** दी गई फ़ोटो को चुनने के बजाय, 'ब्राउज़ करें' पर क्लिक करें।




**कदम 8:** उस फ़ोल्डर पर जाएँ, जहाँ आपने अपनी फ़ोटो सेव की है। इस उदाहरण के लिए, हम टेस्ट फ़ोल्डर का उपयोग करेंगे, जो हमने पहले बनाया था। फिर, अपना फ़ोटो चुनें।





**कदम 9:** अब, अपना डेस्कटॉप बैकग्राउंड चेक करें। इस पर आपकी फ़ोटो इस तरह दिखनी चाहिए:



आइए अब सीखें कि अपनी कंप्यूटर स्क्रीन को लॉक कैसे करते हैं।

**कदम 10:** अब 'लॉक स्क्रीन' सेटिंग पर जायें। इसकी मदद से आप अपनी डिस्प्ले स्क्रीन लॉक कर सकते हैं, जब भी आपको कंप्यूटर का उपयोग नहीं करना हो। यह एक बहुत अच्छा सुरक्षा फीचर साबित होता है, यदि आप अपने कंप्यूटर का उपयोग किसी सार्वजनिक स्थान पर या किसी हॉल में कर रहे हैं, जहाँ आपके आस-पास बहुत सारे लोग मौजूद हैं।




**सुझाव**

यदि आप घर पर हैं, तो आप अपनी स्क्रीन को 30 मिनट तक बंद करने का समय चुन सकते हैं। यदि आप अपने डिवाइस का उपयोग सार्वजनिक स्थान पर कर रहे हैं, तो आपको कम से कम 3-5 मिनट में स्क्रीन बंद करने का समय चुनना चाहिए।


जब आप अपने कंप्यूटर से दूर जायें तो आप अपनी स्क्रीन को हमेशा लॉक करके जा सकते हैं और यह अनिवार्य भी होना चाहिए | ऐसा आप एक साथ 3 बटन दबाकर भी कर सकते हैं: CTRL+ALT+DEL (कंट्रोल, एल्ट, डिलीट) और एंटर की एक साथ दबाएं (या 'लॉक' या 'लॉक स्क्रीन' चुनें)।

अभी ऐसा करके देखें!



**ध्यान दें!!**


यदि आप किसी सार्वजनिक कंप्यूटर में लॉग इन करते हैं, उदाहरण के लिए, लाइब्रेरी या साइबर कैफे में, तो अपना काम पूरा करने के बाद आपको लॉग आउट कर देना चाहिए। कभी भी किसी सार्वजनिक पीसी में अपने एप्लिकेशन, जैसे अपने ईमेल, मैसेजिंग, बैंकिंग, या किसी अन्य एप्लिकेशन में लॉग इन न रहने दें।




## 2.3. नेटवर्क से कनेक्ट करना


यह पता लगाना बहुत आसान है कि आप नेटवर्क से ठीक से कनेक्ट हुए हैं या नहीं।

**कदम 1:** 'सेटिंग्स' स्क्रीन से, 'नेटवर्क और इंटरनेट' पर क्लिक करें।




**कदम 2:** आपको अपने नेटवर्क का स्टेटस चेक करने का विकल्प मिलेगा जिससे आप पता लगा सकते हैं कि आप वर्तमान में इंटरनेट से कनेक्ट हैं या नहीं।




**सुझाव**

नेटवर्क की स्ट्रेंथ डार्क आर्क की संख्या से पता लगती है। आपको जितने ज्यादा डार्क आर्क दिखेंगे, नेटवर्क उतना ही स्ट्रॉन्ग होगा। यह बिल्कुल वैसा ही है, जैसा मोबाइल फोन में बैटरी लाइफ दिखाने वाले बार होते हैं।

**कदम 3:** यदि आप कनेक्ट नहीं हैं, तो आप 'शॉ अवेलेवल नेटवर्क ' विकल्प पर क्लिक करके उपलब्ध कनेक्शन चेक कर सकते हैं।




**सुझाव**

हमेशा ध्यान रखें कि आप जिस नेटवर्क पर लॉग इन कर रहे हैं, उसके बारे में आप जानते हों। कभी भी किसी अनजान नेटवर्क पर लॉग इन करने की कोशिश न करें।

कई सार्वजनिक जगहें जैसे हवाई अड्डे या कॉफी शॉप मुफ्त वाई-फाई की सुविधा प्रदान करते हैं। जब आप लॉग इन करें तो पहले पता लगा लें, कि यह उस जगह का सही वाई-फाई कनेक्शन है या नहीं। यदि आपको कोई भी संदेह हो, तो मदद मांगें।

कई बार आपको किसी नेटवर्क का एक्सेस करने के लिए पासवर्ड की जरूरत पड़ती है। आप अपना पासवर्ड हमेशा सिक्योर रखें, विशेषरूप से यदि यह आपके स्कूल या आपके घरेलू नेटवर्क के लिए बनाया गया है।



## 2.3. पासवर्ड सुरक्षा

### गतिविधि

**सही या गलत**

**कदम 1:** आइए एक स्ट्रॉन्ग पासवर्ड कैसे बनायें पर एक छोटी सी वीडियो देखकर शुरुआत करते हैं।

**कदम 2:** इनमें से कौन से कथन सही हैं और कौन से गलत हैं?


- अपना पासवर्ड बहुत ही आसान रखना चाहिए, ताकि आप इसे याद रख सकें।
- किसी याद रहने वाले वाक्य के पहले अक्षर का उपयोग करके आसानी से याद रहने वाला पासवर्ड बनाया जा सकता है।
- पासवर्ड बनाते समय ऐसी जानकारी का उपयोग करना चाहिए जो आपको आसानी से याद रहे।
- जब भी आप पासवर्ड बनाने के लिए केवल संख्याओं का उपयोग करते हैं, तो बहुत स्ट्रॉन्ग पासवर्ड बनता है।
- '&' या '$' जैसे प्रतीकों का उपयोग करने से आपका पासवर्ड और भी मजबूत बन जायेगा।
- अपना पासवर्ड अपनी स्कूल नोटबुक में लिख लेना चाहिए क्योंकि यह हमेशा आपके पास रहेगी।
- अलग-अलग ऐप्स और अकाउंटों के लिए अलग-अलग पासवर्ड का उपयोग करने से आपका डेटा सुरक्षित रहेगा।

अपने आप से पूछें: मेरा पासवर्ड कितना स्ट्रॉन्ग है?    इस प्रश्न का उत्तर देने में आपकी मदद के लिए, यहाँ 2020 में हैक किए गए टॉप के 20 पासवर्डों की एक सूची दी गई है। क्या आपका पासवर्ड इस सूची में मौजूद है?

**Top 20 Leaked Passwords 2020**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | 123456 | 11 | abc123 |
| 2 | 123456789 | 12 | qwerty123 |
| 3 | qwerty | 13 | 1q2w3e4r |
| 4 | password | 14 | admin |
| 5 | 1234567 | 15 | qwertyuiop |
| 6 | 12345678 | 16 | 654321 |
| 7 | 12345 | 17 | 555555 |
| 8 | iloveyou | 18 | lovely |
| 9 | 111111 | 19 | 7777777 |
| 10 | 123123 | 20 | welcome |

Source: www.makeuseof.com



## गतिविधि

### **नया पासवर्ड बनाना**

**अवधि:** 10 मिनट (5 मिनट चर्चा + 5 मिनट अभ्यास)

आइए पहले एकसाथ मिलकर यह काम करते हैं!

**कदम 1:** कोई भी ऐसा वाक्य लिखें, जो याद रखने में आसान हो। यह किसी गीत की कोई लाइन या किसी फ़िल्म का नाम या डायलॉग, ऐसी किसी जगह की कहानी, जहाँ आप कभी गए हों, या कोई अन्य वाक्य भी हो सकता है, जिसे आप याद रख सकें।

जैसे The cat is Milo and the dog is Otis.

**कदम 2:** अपना पासवर्ड बनाने के लिए प्रत्येक शब्द से पहला अक्षर लें (बड़े अक्षर सहित)।

उदाहरण के लिए TciMatdiO


**कदम 3:** जहाँ भी संभव हो, वहाँ अक्षरों को संख्याओं और प्रतीकों में बदल दें।

उदाहरण के लिए Tc1M&td10

**कदम 4:** आप इसे अधिक लंबा करने और कठिन बनाने के लिए इसके अंत में एक प्रतीक भी जोड़ सकते हैं।

उदाहरण के लिए Tc1M&td10!

अब आपकी बारी है। चलिए बनाने की कोशिश करें!



गतिविधि


**पासवर्ड सुरक्षा के लिए क्या करें और क्या न करें**

पासवर्ड सुरक्षा के लिए क्या करें और क्या न करें, इस संबंध में कुछ लिखें। अपनी सूची कक्षा में शेयर करें


| क्या करें | क्या न करें |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

अब, पासवर्ड बदलने के लिए 'सेटिंग्स' पर जाएँ।

**कदम 1:** विंडोज़ सर्च बार में, "पासवर्ड" शब्द टाइप करें।




**कदम 2:** आपका सिस्टम सभी विंडोज ऐप्स और सेवाओं तक पहुंचने के लिए आपके माइक्रोसॉफ्ट अकाउंट का पासवर्ड मांगेगा।



**सुझाव**

अगर आप अपना पासवर्ड बदलना चाहते हैं, तो आपके पास आपका पुराना पासवर्ड भी होना चाहिए। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि कोई केवल नया पासवर्ड सेट करके आपकी डिवाइस चुरा न ले।

उन सुझावों और युक्तियों को न भूलें जो आपने अभी सीखी हैं। आपको हमेशा एक स्ट्रॉन्ग पासवर्ड सेट करना चाहिए और इसे किसी के साथ शेयर नहीं करना चाहिए - यहाँ तक कि अपने दोस्तों या परिवार के साथ भी नहीं।

आपकी डिवाइस को सुरक्षित बनाने का दूसरा तरीका टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन है।


यहाँ आपके लिए एक छोटी सी वीडियो दी गई है, जिससे आप टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन समझ सकते हैं।

**टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन**

टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन से आपके पासवर्ड के अलावा आपको सुरक्षा की एक अन्य लेयर मिल जाती है। आप सबसे पहले अपने यूजर नाम और पासवर्ड का उपयोग करके किसी भी अकाउंट में लॉग इन कर सकते हैं। यह जानकारी दर्ज करने के बाद, आपको टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन प्रदान करना पड़ सकता है। उदाहरण के लिए :

- सीक्रेट प्रश्न जैसे: आपके पहले पालतू जानवर का नाम क्या था?
- किसी अन्य डिवाइस पर लॉग इन की पुष्टि। उदाहरण के लिए, आपके फ़ोन पर एक पॉप-अप विंडो खुल जायेगी, जिसमें पूछा जाएगा: क्या आप कंप्यूटर से लॉग इन करने का प्रयास कर रहे हैं? 'हाँ' या 'नहीं' चुनें। या, आपको अपने पंजीकृत फ़ोन नंबर पर एसएमएस के माध्यम से एक ओटीपी प्राप्त हो सकता है।
- बायोमेट्रिक डेटा, जैसे कि आपके अंगूठे का निशान।

टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन के साथ स्ट्रॉन्ग पासवर्ड का उपयोग करने से आपके डिवाइस को हैक करना बहुत अधिक कठिन हो जायेगा।




## 2.4. इंटरनेट सुरक्षा


आप अक्सर इंटरनेट चलाते होंगें। आप कैसे बता सकते हैं कि कोई इंटरनेट साइट सुरक्षित है या नहीं?

चलिए पता करते हैं।


**कदम 1:** यदि आप इंटरनेट ब्राउज़र का उपयोग कर रहे हैं, तो वेबसाइट www.google.com पर जाएँ।




**कदम 2:** आपको वेबसाइट के नाम के आगे एक लॉक जैसे चिन्ह दिखाई देगा। उस पर क्लिक करें। एक छोटा बॉक्स दिखाई देना चाहिए।




**कदम 3:** साइट की सेटिंग्स चेक करें।




आप गूगल को अधिक सुरक्षित बनाने और इससे अपने लिए बेहतर परिणाम पाने के लिए आप अपनी 'प्राइवेसी प्रेफरेंसिस' और 'सेटिंग्स' में बदलाव कर सकते हैं।

आप ऐसी जानकारी कभी भी शेयर नहीं करें, जिसकी जरूरत नहीं है। उदाहरण के लिए, अधिकतर मामलों में गूगल का उपयोग करने के लिए आपके लोकेशन की जरूरत नहीं पड़ती है। कई अन्य फीचर, जैसे कैमरा और माइक्रोफ़ोन, डिफ़ॉल्ट रूप से 'पूछें' पर सेट होते हैं। इसका मतलब यह है कि, यदि किसी कारण से, आप किसी ऐसी चीज़ पर क्लिक करते हैं जिसके लिए आपके कैमरे के एक्सेस की जरूरत है, तो आपसे पहले पूछा जाएगा कि क्या आप इसकी अनुमति देना चाहते हैं या नहीं। इसके बाद आप इन्हें 'अलाऊ' या 'ब्लॉक' पर भी सेट कर सकते हैं।

यदि आपको पता नहीं है, तो बहुत अधिक जानकारी शेयर करने की तुलना में एक्सेस से इनकार करना हमेशा बेहतर होता है।




## गतिविधि

### अभ्यास

**अवधि:** 1 मिनट

नीचे दिये गये प्रत्येक कथन को 'सही' या 'गलत' के रूप में चिह्नित करें।

1) ऐसा पासवर्ड कभी नहीं बनाना चाहिए, जिसमें आसानी से पहचानी जा सकने वाली जानकारी शामिल हो।
2) टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन में बहुत अधिक समय लग जाता है। इसे प्रयोग करने का कोई लाभ नही है।
3) जब आप किसी कॉफ़ी शॉप में हो, तो कंप्यूटर का उपयोग नहीं होने पर उसे हमेशा लॉक कर देना चाहिए।
4) Ctrl+Alt+Del अपने कंप्यूटर की स्क्रीन को लॉक करने का एक तरीका है।
5) जब मैं अपना पासवर्ड रीसेट कर लूँ, तो मैं इसे अपने दोस्तों के साथ शेयर कर सकता/सकती हूँ।





## घर पर करने के लिए गतिविधि स्मार्टफ़ोन सिक्योरिटी चेक

**अवधि:** 5 मिनट

अपने या अपने माता-पिता के एंड्रॉइड स्मार्टफोन पर सेटिंग्स चेक करें। वो कितने सिक्योर / सुरक्षित हैं?

इन सहायक सामग्रियों से आपको यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि स्मार्टफ़ोन कितना सुरक्षित है।

1. सहायक सामग्री| "अपनी प्राइवेसी सेटिंग्स चुनें," गूगल हेल्प
2. सहायक सामग्री| "अपने एंड्रॉइड डिवाइस की लोकेशन सेटिंग्स मैनेज करें.," गूगल हेल्प
3. सहायक सामग्री | "अपने एंड्रॉइड डिवाइस को वाई-फ़ाई नेटवर्क से कनेक्ट करें," गूगल हेल्प
4. सहायक सामग्री | "एंड्रॉइड डिवाइस पर इंटरनेट कनेक्शन की समस्या ठीक करें," गूगल हेल्प

# NOTES

# 03. अतिरिक्त रिसोर्स

1. सहायक सामग्री | "विंडोज़ सिक्योरिटी से सुरक्षित रहें", माइक्रोसॉफ्ट सपोर्ट

अध्याय 4

# स्वयं को ऑनलाइन कैसे प्रस्तुत करें

# 01. सामान्य जानकारी

कक्षा के बाहर, यह संभव है कि आप गेम खेलने, अपना सोशल नेटवर्क बढ़ाने, या अपने क्रिएटिव प्रोजेक्टों के लिए रिसर्च करने हेतु टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हों। इसलिए, एक आदर्श डिजिटल नागरिक बनने के लिए कौशल, जागरूकता और उचित व्यवहार सीखना बहुत जरूरी है। इस अध्याय में, हम देखेंगे कि किस प्रकार के व्यवहार को ऑनलाइन स्वीकार्य माना जाता है और इससे आपको तेजी से कनेक्ट होती दुनिया में सुरक्षित रूप से बातचीत करने, कुछ सीखने और बनाने में कैसे मदद मिल सकती है।

## 1.1 सीखने के उद्देश्य

इस अध्याय को पूरा करने के बाद आप:

- सुरक्षित, सकारात्मक और जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार के बारे समझ जायेंगें।
- नकारात्मक ऑनलाइन व्यवहार से निपटना सीख जायेंगें।
- डिजिटल शिष्टाचार सीख जायेंगें।
- ऑनलाइन बातचीत और आमने-सामने बातचीत के बीच अंतर बता पायेंगें।
- अपने जीवन और अपने आसपास के लोगों के जीवन पर ऑनलाइन संचार के प्रभाव को समझ पायेंगें।
- इंटरनेट ट्रोल्स को पहचान लेंगें।

## 1.2 पहले से जानकारी

आपको पहले से ही निम्नलिखित जानकारी होनी चाहिए:

- ऑनलाइन बातचीत की बुनियादी बातें

# 02. शिक्षण योजना

## 2.1 डिजिटल शिष्टाचार या नेटिक्यूऐट

शिष्टाचार' किसी निश्चित परिस्थिति में कैसा व्यवहार करना है इसके लिए नियमों का एक सेट होता है। उदाहरण के लिए टेबल मैनर्स को शिष्टाचार संहिता का हिस्सा बनाया गया है, क्योंकि इस बात से बहुत फर्क पड़ता है कि आप डिनर टेबल पर कैसा व्यवहार करते हैं। इसी तरह, डिजिटल शिष्टाचार डिजिटल दुनिया में आपके व्यवहार और डिजिटल डिवाइसों को उपयोग करने के तरीकों के नियमों का एक सेट है। ऑनलाइन लोगों के साथ आपकी बातचीत उतनी ही विनम्र और सम्मानजनक होनी चाहिए जितनी वास्तविक जीवन में मिलने वाले लोगों के साथ होती है।


**क्या आप जानते थे?**

डिजिटल शिष्टाचार को 'नेटिक्यूऐट' भी कहा जाता है। यह शब्द 'इंटरनेट' और 'एटिक्यूऐट' से मिलकर बना है।

## 2.2 डिजिटल ड्रामों से निपटना

डिजिटल ड्रामा का अर्थ रोजाना होने वाले उन विवादों से है, जो ऑनलाइन दोस्तों या परिचितों के बीच होते हैं। यह आहत करने वाली टिप्पणियों, शर्मनाक फोटो या अविवेकपूर्ण अफवाहों के रूप में हो सकता है। कुछ मामलों में, डिजिटल ड्रामा ऑफ़लाइन लड़ाई में भी बदल सकता है - जिसमें अपमान करना या गाली-गलौच करना या मारपीट करना शामिल है।

एक जिम्मेदार डिजिटल नागरिक के रूप में, ऑनलाइन कुछ भी पोस्ट करने से पहले हमेशा अपने आप से ये प्रश्न पूछें:



दूसरों को ठेस पहुँचाने वाली बातें कहना तब आसान होता है जब आप उनके चेहरे के भाव नहीं देख सकते या उनकी आवाज़ का लहजा नहीं सुन सकते। एक मैसेज या कमेंट से ही फ्रेंडली जोक और अपमान के बीच का अंतर खत्म हो सकता है। यदि आपको बार-बार अपमान भरे संदेश या पोस्ट मिल रहे हैं, तो तुरंत अपने माता-पिता या शिक्षकों को बतायें ताकि वे आपकी मदद कर सकें।

डिजिटल ड्रामे से निपटने के बारे में यह वीडियो देखें।

## प्रमुख प्रश्न

**डिजिटल ड्रामे से निपटने का सबसे अच्छा तरीका क्या होगा?**

............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................

**आप किसी ऐसे व्यक्ति की मदद कैसे करेंगे, जिसे इस समस्या से झूझना पड़ रहा है?**

............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................

**नकारात्मक व्यवहार को सकारात्मक व्यवहार में बदलने के लिए हम कौन-कौन से आसान कदम उठा सकते हैं?**

............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................
............................................................................................................................................................

## 2.3 ऑनलाइन कम्युनिकेशन करते समय, क्या करें और क्या न करें

ऑनलाइन मैसेज बोर्ड, सोशल नेटवर्किंग साइट्स और ब्लॉग या वीलॉग पर नेविगेट करते समय ऐसा महसूस हो सकता है, कि आप किसी अंधकार भरी दुनिया में प्रवेश कर रहे हों, —यदि आप सावधान नहीं रहते हैं, तो आप या तो लोगों को अविवेकपूर्ण बातें कह सकते हैं या किसी फ्लेम वार का शिकार बन सकते हैं। कभी-कभी, लोग अज्ञात पहचान बनाकर नियम भूल जाते हैं। वे बहस करने व वाद-विवाद बढ़ाने के लिए इंटरनेट पर कई जगह मौजूद रहते हैं। इन लोगों को ट्रोल कहा जाता है।

शुक्र है, ऐसे गाइडलाइनें लागू किये गये हैं जिससे आपको अधिक सकारात्मक ऑनलाइन इंटरैक्शन करने और डिजिटल जगह को सभी के लिए सुरक्षित बनाने में मदद मिलती है।

**क्या आप जानते थे?**

बड़ी, दुर्भावनापूर्ण मुस्कान वाला यह कार्टून जैसा चरित्र इंटरनेट ट्रॉल्स को दिखाने के लिए प्रयोग किया जाता है।




इन नियमों को हमेशा याद रखें:

### क्या करें

- अपने मैसेज को ऐसे लिखें, जो पढ़ने व समझने में आसान हो तथा जो भी बातचीत करें, वह स्पष्ट हो।
- आपने जो कुछ भी लिखा है, उसे भेजने या पोस्ट करने से पहले दो बार पढ़ें और चेक करें।
- अपने दोस्तों के बारे में कुछ भी पोस्ट करने से पहले उनकी अनुमति मांगें।

### क्या न करें

- अपने फॉर्मल मैसेज में शब्दों के छोटे रूपों और इमोटिकॉन्स का उपयोग करना उदाहरण के लिए, किसी अध्यापक को जवाब देते समय।
- सभी कुछ बड़े अक्षरों में लिखना क्योंकि इसका अर्थ चिल्लाना व गुस्सा करना समझा जा सकता है।





## गतिविधि

### अब क्विज़ का समय है!

**अवधि:** 10 मिनट (6:30 मिनट लेखन + 4:30 मिनट वीडियो)

**कदम 1:** तैयार हो? आइए जानते हैं, कि आपको इंटरनेट के सुरक्षित और उचित उपयोग के बारे में कितना मालूम है।

**1. 'शिष्टाचार' शब्द का अर्थ क्या है?**

- अपने दोस्तों के साथ अलग तरह का व्यवहार करना और अजनबियों के साथ एक अलग तरीके का व्यवहार करना
- समाज में विनम्र व्यवहार की एक प्रथागत संहिता
- बुरे आचरण वाला होना
- नियमों का एक सेट जिसे आपने स्वयं बनाया है

**2. क्योंकि ऑनलाइन कम्युनिकेशन सैकड़ों लोगों द्वारा देखा जा सकता है, इसलिए यह जरूरी हो जाता है, कि:**

- नकली नाम का उपयोग करना ताकि किसी को पता न चले कि यह आप हो।
- घटिया कमेंट पोस्ट करना क्योंकि आप केवल सच्चे दिखना चाहते हो
- मुख्य रूप से इमोजी का उपयोग करके बातचीत करना
- सकारात्मक कमेंट पोस्ट करना या कमेंट पोस्ट करने से बचना

**3. फ्लेम वार क्या है?**

- टिक टॉक पर एक ट्रेंड
- विचारों को ऑनलाइन आदान-प्रदान करने का एक तरीका
- ऑनलाइन तौर पर गुस्से या अपमानजनक संदेशों की लंबी वार्तालाप
- एक वीडियो गेम का नाम

**4. सहानुभूति शब्द का क्या अर्थ है?**

- दूसरों की भावनाओं को समझने की क्षमता
- दूसरों की भावनाओं को नजरअंदाज करने की क्षमता
- दूसरों की भावनाओं का मज़ाक उड़ाने की क्षमता
- हँसते हुए रोने की क्षमता

**कदम 2:** अब, डिजिटल शिष्टाचार पर यह जानकारीपूर्ण वीडियो देखें।

## 2.4 अपनी डिजिटल नैतिकता को मजबूत करना

अब आप अधिक जिम्मेदार, जागरूक और जानकारी से भरे डिजिटल नागरिक बनने की राह पर हैं। हमेशा याद रखें, जब तक किसी को नुकसान नहीं पहुँचता है. तब तक इंटरनेट मज़ेदार और आनंदमयी जगह है। अब, आप यह सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं कि इसका उपयोग केवल अच्छाई फैलाने, सकारात्मकता को बढ़ावा देने और जरूरतमंदों को सहयोग प्रदान करने के लिए किया जाये - आज हमने जो नेटिक्यूऐट सीखा है, उस पर कायम रहकर!

अब, आइए अच्छे डिजिटल शिष्टाचार के महत्व. पर यह एनिमेटेड गाइड देखें।

## गतिविधि

### कक्षा गतिविधि

**अवधि:** 10 मिनट

कल्पना कीजिए कि आपको अपनी कक्षा के सहपाठियों के लिए अच्छे ऑनलाइन कम्युनिकेशन पर "क्या करें और क्या न करें" के संबंध में एक कक्षा अनुबंध तैयार करने के लिए चुना गया है।

अपने समूहों में, स्वयं के अनुभवों पर चर्चा करें और उन सभी नियमों को लिख लें, जिनको आप एक अच्छा डिजिटल नागरिक बनने के लिए वास्तविक जीवन में ऑनलाइन गतिविधियों पर लागू करना चाहते हैं।

नीचे दी गई शीट का उपयोग करें।

**कक्षा अनुबंध**



# नेटिक्यूऐट

**जब मैं ऑनलाइन रहूँगा (गीं) तो करूंगा (गी)**

**जब मैं ऑनलाइनरहूँगा (गीं) तो नहीं करूंगा (गी)**

**मैंने सीखा है कि**

# NOTES

# NOTES

# 03. अतिरिक्त रिसोर्स

1. लेख| “विद्यार्थियों के लिए नेटिक्यूऐट के 10 नियम”, टेक्सास विश्वविद्यालय एट एल पासो (यूटीईपी) कनेक्ट  ऑनलाइन प्रोग्राम

2. वीडियो| “सोशल मीडिया नेटिक्यूऐट (इन्फोमेरियल)”, डैनवेल हेनरी लोरिनो, 28 फरवरी, 2021

अध्याय 5

# ऑनलाइन तौर पर जिम्मेदारीपूर्ण और नैतिक व्यवहार कैसे करें

# 01. सामान्य जानकारी

वर्तमान की ऑनलाइन दुनिया में ऐसा लगता है जैसे हर कोई हर समय कुछ न कुछ शेयर कर रहा है। आप मशहूर हस्तियों को ऐसी पोस्ट करते हुए भी देख सकते हैं, जो कुछ हद तक बोरिंग भी लगती है, जैसे कि ये पोस्ट: गुड मॉर्निंग! मेरी बालकनी से सुंदर सूर्योदय देखें।

जरूरी नहीं है कि सभी पोस्ट इतने साधारण हों। लोग किसी बिजनेस या व्यक्ति के बारे में शिकायत करने के लिए भी अपने सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। कई बार तो ऐसा होता है कि वे अपने सोशल मीडिया का उपयोग खबरों को फैलाने के लिए भी करते हैं, वो भी बिना जाँचे कि यह सच है भी या नहीं। यह याद रखना जरूरी है कि छोटा सी गतिविधि का भी महत्वपूर्ण और स्थायी प्रभाव पड़ सकता है और जरूरी नहीं है कि दिन के हर एक पल या हर एक मैसेज को शेयर किया जाये।

## 1.1 सीखने के उद्देश्य

इस अध्याय को पूरा करने के बाद आप:

- गोल्डन रूल' को समझ जायेंगें।
- सोशल मीडिया शिष्टाचार के महत्व को समझ जायेंगें।
- किसी भी मैसेज को शेयर करने से पहले उसके स्रोत की विश्वसनीयता को चेक करने के महत्व को समझ जायेंगें।
- आप जो भी सूचनाएं देखते हैं, उनका विश्लेषण करने की आदत विकसित कर लेंगें।
- कोई भी सूचना या जानकारी जिम्मेदारीपूर्वक और नैतिक रूप से पोस्ट करना सीख जायेंगें।
- "पोस्ट करने से पहले पढ़ें" नियम का महत्व समझ जायेंगें।
- समझ जायेंगें कि एक बार जब आप 'भेजें' का बटन दबा देते हैं, तो भेजे गये अपने शब्दों को वापस लेने का कोई तरीका नहीं है।

## 1.2 पहले से जानकारी

आपको पहले से ही निम्नलिखित जानकारी होनी चाहिए:

- ऑनलाइन बातचीत और आमने-सामने बातचीत के बीच अंतर पता होना चाहिए।
- इंटरनेट ट्रोल्स को पहचानना आना चाहिए।
- सुरक्षित, सकारात्मक और जिम्मेदारीपूर्ण ऑनलाइन व्यवहार के बारे में पता होना चाहिए।

# 02. शिक्षण योजना

## 2.1 Recap

क्या आपको याद है कि आपने डिजिटल शिष्टाचार या नेटिक्यूऐट के बारे में क्या सीखा है? आइए कुछ छोटे-छोटे प्रश्नों से आपके ज्ञान का अभ्यास करें।

**निम्नलिखित में से किस परिस्थिति में आपके लिए डिजिटल शिष्टाचार के नियमों का पालन करना जरूरी हो जाता है?**

A. अपनी दादी को एक ईमेल भेजने
B. अपने चचेरे भाई को जन्मदिन का कार्ड भेजने
C. किसी मित्र का टेक्स्ट मैसेज पढ़ने
D. अपने स्मार्टफोन के लिए रिंगटोन चुनने

**ऑनलाइन बातचीत और आमने-सामने बातचीत के बीच एक अंतर बतायें?**

A. ऑनलाइन बातचीत में बॉडी लैंग्वेज का बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है।
B. लोग ऑनलाइन तौर पर अधिक ईमानदार होने का दिखावा करते हैं।
C. आमने-सामने बातचीत करते समय ग़लतफ़हमियाँ बहुत अधिक उत्पन्न होती हैं।
D. ऑनलाइन बातचीत करते समय आप आवाज़ का लहजा नहीं बता सकते।

**इंटरनेट ट्रॉल्स का लक्ष्य होता है**

A. बहस या वाद-विवाद शुरू करना
B. दोस्त बनाना
C. चुपचाप निगरानी करना
D. चर्चाओं को आगे बढ़ाना

**लोग व्यक्तिगत तौर पर मिलने की अपेक्षा ऑनलाइन तौर पर अधिक खराब व्यवहार क्यों कर सकते हैं?**

A. टाइपिंग से उन्हें यह सोचने का समय मिल जाता है कि वे कहना क्या चाहते हैं।
B. वे बेनाम रह सकते हैं।
C. अधिकांश लोगों के ऑनलाइन मित्र कम होते हैं।
D. सोशल मीडिया साइटें यूजरों को बहस करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

**किसी भी सोशल नेटवर्किंग ऐप पर कुछ पोस्ट करना ऐसे है, जैसे:**

A. कोई होमवर्क असाइनमेंट करना
B. रात्रि भोजन के समय अपने परिवार के सदस्यों से कुछ कहना
C. फ़ोन पर किसी दोस्त से बात करना
D. सार्वजनिक स्थान पर किसी बात की घोषणा करना

**बॉबी की तस्वीर ऑनलाइन पोस्ट करने से पहले लिज़ को क्या करना चाहिए?**


A. बॉबी के दोस्तों के साथ फोटो शेयर करें
B. फ़ोटो में बॉबी को टैग करें
C. बॉबी से अनुमति मांगें
D. बॉबी को फोटो भेजें


**ट्रोल्स को जवाब देने का सबसे अच्छा तरीका ____________ है।**

A. उन्हें धमकाना
B. उन्हें अनदेखा करना
C. उन्हें कॉपी करना
D. उनका अपमान करना

**निम्नलिखित में से कौन सा आपकी माँ को यह बताने के लिए सबसे अच्छा मैसेज है कि आप डिनर पर एक घंटा देरी से पहुँचेंगें?**

A. b there in 60, cu l8r!
B. I'll be home in an hour. See you later!
C. BE THERE IN AN HOUR. SEE YOU LATER!
D. I'm running late. I'll be there in an hour.





गतिविधि

## सोशल मीडिया के लिए नेटिक्यूऐट

**अवधि:** 10 मिनट

नेटिक्यूऐट पर यह वीडियो देखें।


### प्रमुख प्रश्न

**वीडियो में बताया गया 'गोल्डन रूल' क्या है?**

**सोशल मीडिया पर पोस्ट करते समय याद रखने योग्य सबसे महत्वपूर्ण बात क्या है?**

**नकारात्मक व्यवहार को सकारात्मक व्यवहार में बदलने के लिए हम कौन-कौन से आसान कदम उठा सकते हैं?सोशल मीडिया शिष्टाचार का पालन करना जरूरी क्यों है?**

**तीन नियमों की सूची बनाएं जिनका आपको सोशल मीडिया पर कुछ भी पोस्ट करने से पहले पालन करना चाहिए।**



## गतिविधि

### सोचो-जोड़ो-शेयर करो

**अवधि:** 15 मिनट

छोटे समूह बना लें। अब, नीचे दिये गये मामलों की कल्पना करें और अपने समूह के बीच उन पर चर्चा करें: इन परिस्थितियों से निपटने का सबसे अच्छा और उचित तरीका क्या होगा?

जब आप यह कर लें, तो कक्षा के साथ अपने जवाब शेयर करें |

**मामला 1:**

आप एक दिन स्कूल से घर आते हैं और अपने अकाउंट में लॉग इन करते हैं। आप देखते हैं, कि आपको एक ऐसे ग्रुप में शामिल होने का निमंत्रण मिला है, जो आपके किसी सहपाठी का मज़ाक उड़ाने के लिए बनाया गया है। यदि आप निमंत्रण स्वीकार नहीं करते हैं, तो आपके मित्र आप पर समूह में शामिल होने के लिए दबाव जरूर डालेंगे। आपको क्या करना चाहिये?

**मामला 2:**

आपके दोस्त आपको बताये बिना आपकी कोई फोटो पोस्ट कर देते हैं। जब आपने सोशल मीडिया से इसे हटाने के लिए कहा गया तो उन्होंने मना कर दिया। आपको क्या करना चाहिये?

**मामला 3:**


स्कूल में आपका और आपके मित्र का झगड़ा हो गया। क्योंकि आपके दोस्त ने पोस्ट कर दिया था कि आपको किसी छात्रा पर क्रश है, जिससे आपको बहुत गुस्सा आ गया था। अब, आप खुद से सवाल कर रहे हैं: मैं कल स्कूल कैसे जाऊंगा? अब सभी को पता चल जायेगा और वे मुझे चिढ़ाऐंगें। तो, आप सोचते हैं कि आप उससे बदला लेने के हकदार हैं और उसको जैसे को तैसा का स्वाद मिलना चाहिए, इसलिए आप अपने दोस्त के खिलाफ अपनी पोस्ट लिखने का फैसला करते हैं। क्या आपके दोस्त के साथ इस तरह के झगड़े से निपटने का कोई बेहतर तरीका हो सकता है?

लगभग हर कोई 'गोल्डन रूल' के बारे में जानता है, लेकिन कभी-कभी, हम दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार करना भूल जाते हैं, जैसा हम चाहते हैं कि हमारे साथ किया जाए।

यदि आपके पास कोई ऐसी संवेदनशील बात है, जिस पर आप किसी के साथ चर्चा करना चाहते हैं, तो अपनी शिकायतों को सार्वजनिक मंच पर बोलने के बजाय सीधे उनसे बात करना बेहतर होता है।

यह बात ऑनलाइन इंटरैक्शन पर भी लागू होती है। अगर आपको कुछ कहना है, तो आमने-सामने बात करना सबसे अच्छा होता है। साथ ही, डिजिटल ड्रामा से दूर रहना हमेशा बेहतर होता है। कभी-कभी डर लग सकता है, लेकिन इससे रिश्ते बेहतर बनाने में मदद जरूर मिलती है।





गतिविधि

## फेक न्यूज़ को फैलने से रोकना

**अवधि:** 5 मिनट

नेटिक्यूऐट का एक अन्य पहलू फेक न्यूज़ का पता लगाना और उसको फैलने से रोकना भी है। कभी भी केवल मैसेज या पोस्ट फॉरवर्ड करके लोगों को भ्रमित न करें।

फेक न्यूज़ का पता कैसे लगाएं पर यह वीडियो देखें।

### प्रमुख प्रश्न

**फेक न्यूज़ के बारे में आप क्या जानते हैं?**

**आप फेक न्यूज़ और असली न्यूज़ में अंतर कैसे कर सकते हैं?**

**क्या आपको कोई भी जानकारी, जो आप देखते हैं या आपको मिलती है, उसकी सच्चाई की जाँच किये बिना ही पोस्ट कर देनी चाहिए?**

गतिविधि

## What makes a news story fake?

### 1. It can't be verified

A fake news article may or may not have links in it tracing its sources; if it does, these links may not lead to articles outside of the site's domain or may not contain information pertinent to the article topic.

### 2. Fake news appeals to emotion

Fake news plays on your feelings - it makes you angry or happy or scared. This is to ensure you won't do anything as pesky as fact-checking.

### 3. Authors usually aren't experts


Most authors aren't even journalists, but paid trolls.

### 4. It can't be found anywhere else

If you look up the main idea of a fake news article, you might not find any other news outlet (real or not) reporting on the issue.

### 5. Fake news comes from fake sites

Did your article come from abcnews.com.co? Or mercola.com? Realnewsrightnow.com? These and a host of other URLs are fake news sites.



## घर पर करने के लिए गतिविधि फेक है या नहीं

**अवधि:** 10 मिनट

क्या आप पहचान सकते हैं कि कौन से यूआरएल असली हैं और कौन से नकली? प्रत्येक यूआरएल के आगे सही विकल्प पर गोला लगायें।

Attempt this fake news quiz.

# NOTES

# NOTES

## 03. अतिरिक्त रिसोर्स

1. वीडियो| "नेटिक्यूऐट क्या है और यह जरूरी क्यों है?",डॉकस्टॉकटीवी, 26 अक्टूबर, 2011

2. लेख | "डिजिटल शिष्टाचार", डिजिटल नेटिक्यूऐट प्रोजेक्ट

अध्याय 6

# नेटिक्यूऐट - वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, ईमेल और सोशल नेटवर्किंग

# 01. सामान्य जानकारी

हमारी डिजिटल दुनिया में कम्युनिकेशन अक्सर 'चैटस्पीक' से भरा होता है - जो अनौपचारिक भाषा, इमोजी और संक्षिप्त शब्दों का मिश्रण है - जैसे 'brb' और 'lol'। इस प्रकार की भाषा प्रभावी कम्युनिकेशन के लिए उपयुक्त नहीं होती है। आपको पता होना चाहिए कि कम्युनिकेशन की औपचारिक शैली का उपयोग उचित आवाज और टोन का उपयोग कैसे और कब करना है।

ऑनलाइन स्कूली शिक्षा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग काफी लोकप्रिय साधन बन गया है। इस मॉड्यूल में, आप वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बुनियादी शिष्टाचार सीखेंगे, जिससे आपको ऑनलाइन कक्षाओं में सफलतापूर्वक भाग लेने में मदद मिलेगी।

## 1.1 सीखने के उद्देश्य

इस अभ्यास को पूरा करने के बाद:

- आप जब कम्युनिकेशन ऑनलाइन हो रहा हो, तो स्वयं को से प्रस्तुत करने का सही तरीका समझ जायेंगें।
- आपको ईमेल शिष्टाचार के पाँचों पहलु याद रहेंगें।
- संदेशों में अपरकेस अक्षरों, लोअरकेस अक्षरों, टोन व वॉइस मैसेज के उपयोग का विश्लेषण करना आ जायेगा।
- बुनियादी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग तकनीकों और शिष्टाचार का पालन करना आ जायेगा, जिनकों ऑनलाइन कक्षाओं के दौरान अपनाया जा सकता है।
- इमोजी के उपयोग का विश्लेषण करना और समझ आ जायेगा कि उनका मतलब गलत कैसे निकाला जा सकता है।

## 1.2 पहले से जानकारी

आपको पहले से ही निम्नलिखित जानकारी होनी चाहिए:

- ईमेल लिखने की प्रक्रिया
- बुनियादी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग टूल्स का उपयोग, जो आमतौर पर ऑनलाइन कक्षाओं के लिए उपयोग किए जाते हैं।
- इमोजी का उपयोग

# 02. शिक्षण योजना

## 2.1 ऑनलाइन कम्युनिकेशन करना

जब आप सोचते हैं कि आप साफ व स्पष्ट बात कर रहे हैं तब भी आपकी बात को गलत समझा जा सकता है। सही प्रकार का कम्युनिकेशन, सही लहजा और सही शब्द चुनकर, आप दूसरों के साथ अधिक स्पष्ट तौर पर बात कर सकते हैं।

आज हम ऑनलाइन कम्युनिकेशन के बारे में बात करने जा रहे हैं।

### प्रमुख प्रश्न

**आपका अनुभव क्या रहा है?**

................................................................................................................................................

................................................................................................................................................

................................................................................................................................................

................................................................................................................................................

**क्या आपने कभी किसी अन्य व्यक्ति के मैसेज का अर्थ कभी उसके स्लैंग, संक्षिप्त शब्दों या इमोजी के उपयोग के कारण गलत समझा है?**

................................................................................................................................................

................................................................................................................................................

................................................................................................................................................

................................................................................................................................................

**कम्युनिकेशन को स्पष्ट करने व समझने के लिए आपने क्या किया?**

................................................................................................................................................

................................................................................................................................................

................................................................................................................................................

................................................................................................................................................


**आप अलग ढंग से क्या कर सकते थे?**

................................................................................................................................................

................................................................................................................................................

................................................................................................................................................

................................................................................................................................................



**सोचें!**

टेक्स्ट मैसेज पढ़ते समय, यह समझना कठिन हो सकता है कि कोई वास्तव में कैसा महसूस कर रहा है। आप उनके चेहरे के भाव या शारीरिक हावभाव नहीं देख पाते हैं। उनके टेक्स्ट में इमोजी हो सकता है, लेकिन आप यह नहीं कह सकते कि वह फन के लिए था या वे वास्तव में अपनी भावनाओं को व्यक्त कर रहे थे।

यदि आपको किसी के साथ बातचीत करनी है, तो सुनिश्चित करें कि आप बातचीत के लिए सही टूल चुनें, चाहे वह ईमेल हो, या मैसेज हो या फोन कॉल हो।

गतिविधि

## औपचारिक ईमेल के लिए ईमेल शिष्टाचार

**अवधि:** 15 मिनट (11 मिनट का वीडियो + 4 मिनट की चर्चा)

अपने अध्यापक को ईमेल लिखना अपने सबसे अच्छे दोस्त को मैसेज भेजने से अलग होता है। आइये जानें इनमें अंतर क्या है।

ईमेल शिष्टाचार और वॉइस की सही टोन पर ये दो वीडियो देखें।

### प्रमुख प्रश्न

**ईमेल लिखते समय आपको टोन के किन छह हिस्सों पर विचार करना चाहिए?**

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

**ईमेल लिखते समय सबसे जरूरी चीज कौन सी है, जो हमेशा याद रखनी चाहिए?**

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

**ईमेल लिखना शुरू करने के लिए आप कौन से पेशेवर अभिवादन का उपयोग कर सकते हैं?**

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

**अपना ईमेल पूरी तरह कैपिटल अक्षरों में टाइप करना अच्छा क्यों नहीं माना जाता है?**

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

**आपको अत्यधिक सजावटी फ़ॉन्ट में ईमेल क्यों नहीं टाइप करना चाहिए?**

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................



गतिविधि

## वीडियो कॉन्फ्रेंस शिष्टाचार

**अवधि:** 10 मिनट (02:30 मिनट वीडियो + 07:30 मिनट चर्चा)

क्या आप जानते हैं कि ऑनलाइन क्लास में खुद को कैसे शामिल करना है? वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान "क्या करें और क्या न करें" में क्या-क्या शामिल हैं? चलिए पता करते हैं।

**कदम 1:** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या ऑनलाइन कक्षाओं के दौरान प्रेजेंटेबल कैसे बनें? पर वीडियो देखें।

**कदम 2:** अब, आइए इस बारे में बात करें कि आप अपनी ऑनलाइन कक्षाओं के दौरान खुद को कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं।

### प्रमुख प्रश्न

**ऑनलाइन कक्षा में भाग लेने से पहले क्या करना चाहिए?**

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

**ऑनलाइन कक्षा में भाग लेने से पहले टेस्ट कॉल करना क्यों जरूरी है?**

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

**आपको ऑनलाइन कक्षा के दौरान किन सामान्य ध्यान भटकाने वाली चीजों से बचना चाहिए?**

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

**आपको अपनी ऑनलाइन कक्षा के लिए कैसे कपड़े पहनने चाहिए?**

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

गतिविधि


### इमोजी की भाषा


**अवधि:** 15 मिनट

क्या आपने कभी सोचा है कि जब आप इमोजी का उपयोग करते हैं तो क्या आपके मैसेज पाने वाले आपको समझ पाते हैं? यह पता लगाने का एक मज़ेदार और आसान तरीका है!

केवल इमोजी का उपयोग करके खुद के बारे में बताने वाली एक टी-शर्ट का डिज़ाइन बनायें। आप अपनी टी-शर्ट पर तीन से अधिक इमोजी का उपयोग नहीं कर सकते और इन इमोजी के माध्यम से लोगों को आपके बारे में कुछ जानकारी मिलनी चाहिए। यदि आप जो इमोजी चाहते हैं, वह इमोजी ग्रिड में मौजूद नहीं है, तो बेझिझक अपना खुद का इमोजी बनाएं।

अपनी टी-शर्ट को सजाने के बाद, इसे अपने साथी के साथ शेयर करें और देखें कि क्या वे अनुमान लगा सकते हैं कि आप अपने बारे में क्या कहना चाह रहे हैं।





**इमोजी ग्रिड**



गतिविधि

## ईमेल शिष्टाचार

**अवधि:** 15 मिनट

यह प्रश्नोत्तरी लें और पता लगायें कि आपको ईमेल शिष्टाचार के बारे में कितना समझ आ गया है

# NOTES

# NOTES

## 03. अतिरिक्त रिसोर्स

1. वीडियो| "ऑनलाइन शिक्षण के लिए नेटिक्यूऐट गाइड", मिस्टर वेक्का, 21 अप्रैल, 2020

2. वीडियो | "नेटिक्यूऐट वीडियो", पीआईएसडी ईस्कूल, 15 नवंबर, 2018

अध्याय 7

# आइए अपने डिजिटल फ़ुटप्रिंट्स के बारे में जानें

# 01. सामान्य जानकारी

जिस तरह वास्तविक जीवन में हमारा एक सार्वजनिक व्यक्तित्व है, उसी तरह डिजिटल दुनिया में भी हमारा एक ऑनलाइन व्यक्तित्व है, जिसे हम समय-समय पर प्रस्तुत करते है। हमारी सभी गतिविधियाँ और कन्टेंट जो हम पोस्ट करते हैं या जिनसे जुड़ते हैं, हमारी सार्वजनिक छवि बनाती हैं। यह न केवल हमारी अपनी सुरक्षा के लिए जरूरी है, बल्कि हमारे-दोस्तों, परिवार के सदस्यों, सहकर्मियों और परिचितों का सम्मान पाने के लिए भी जरूरी है, कि हम खुद कैसा व्यवहार करते हैं।

## 1.1 सीखने का उद्देश्य


इस अध्याय को पूरा करने के बाद,

- 'डिजिटल फुटप्रिंट' शब्द को अच्छी तरह समझ जायेंगें और देखेंगें कि यह वास्तविक फुटप्रिंट के समान कैसे हैं।
- उन ऑनलाइन गतिविधियों की पहचान कर पायेंगें जो आपके डिजिटल फुटप्रिंट को बढ़ाती हैं।
- डिजिटल फुटप्रिंट के प्रभावों व परिणामों को समझ पायेंगे।
- जिन्हें सुरक्षित रखना चाहिए उन व्यक्तिगत जानकारी के प्रकारों को समझ पायेंगे
- सक्रिय और निष्क्रिय डिजिटल फुटप्रिंट के बीच अंतर करना समझ पायेंगे।

## 1.2 पहले से जानकारी

आपको निम्नलिखित के बारे में पहले से ही जानकारी होनी चाहिए:

- इंटरनेट, उसका उद्देश्य और यह यूजरों के कौन से काम करता है।
- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म



# 02. शिक्षण योजना

## 2.1 डिजिटल फुटप्रिंट



गतिविधि

### डिजिटल फुटप्रिंट क्या है?

**अवधि:** 10 मिनट

इन चित्रों को देखें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।






### प्रमुख प्रश्न

**आप यह कैसे पहचान सकते हैं कि ये फुटप्रिंट किसके हैं या किसने छोड़े होंगे?**

**लोग फुटप्रिंट का उपयोग किस लिए करते हैं?**

**भौतिक फुटप्रिंट डिजिटल फुटप्रिंट से किस प्रकार अलग होते हैं या उनके समान होते है?**

यह समझने के लिए यह वीडियो देखें आपके डिजिटल फ़ुटप्रिंट कैसे बनते हैं।

## प्रमुख प्रश्न

**वे सभी स्थान कौन से हैं, जहाँ आपने अपने डिजिटल फ़ुटप्रिंट छोड़े हैं?**

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

**क्या आप उन सभी जगहों के बारे में जानते हैं, जहाँ आपने अपने डिजिटल फ़ुटप्रिंट छोड़े हैं?**

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

**ऑफ़लाइन दुनिया में, ऐसी कौन सी चीज़ें हैं, जो आपको किसी अजनबी के साथ शेयर नहीं करनी चाहिए?**

**संकेत: 'सुरक्षित' और 'असुरक्षित' दोनों के बारे में सोचें।**

..........................................................................................................................................................


..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

यह वीडियो देखें ऑनलाइन बहुत अधिक जानकारी शेयर करना कैसे हानिकारक हो सकता है।



गतिविधि

## कितना शेयर करना बहुत ज्यादा होता है?

**अवधि:** 5 मिनट

**कल्पना करें**

एना एक दोस्त के साथ मॉल जाती है और वे मॉल में अपनी एक फोटो खींचते हैं। बाद में, अपने दोस्तों के साथ फिल्म देखने जाती हैं और उसके बाद, एना सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखती है: मैंने अभी-अभी नई स्पाइडरमैन फ़िल्म देखी और यह  बहुत अच्छी थी!

उस रात, एना ने हाउस ऑफ़ पिज़्ज़ा से नए लोडेड पिज़्ज़ा की एक फोटो पोस्ट की और कैप्शन दिया: मैं अपने चचेरे भाई का जन्मदिन मना रही हूँ!

### प्रमुख प्रश्न

**सिर्फ एक दिन में एना ने कितनी सूचनाएं शेयर कीं?**

**क्या आपको लगता है कि एना को पता था कि उसने कितनी सूचनाएं शेयर की हैं**

**अब जब आप डिजिटल फ़ुटप्रिंट के बारे में सब कुछ जानते हैं, तो लिखें कि किस प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी आपको लगता है कि सोशल मीडिया या किसी अन्य ऑनलाइन पब्लिक प्लेटफ़ॉर्म पर कभी शेयर नहीं की जानी चाहिए।**

सुझाव

पोस्ट करने से पहले, जाँच लें कि क्या यह 'ग्रैंडमदर टेस्ट' पास कर चुकी है।

सोचें कि क्या यह पोस्ट आपकी दादी (या भावी नियोक्ता) के लिए भी कोई परेशानी खड़ी कर सकती है। यदि उत्तर 'हाँ' है, तो संभवतः पोस्ट पब्लिक प्लेटफ़ॉर्म के लिए अनुपयुक्त है।

गतिविधि

**कौन क्या होता है?**

**अवधि**: 2 मिनट

डिजिटल फ़ुटप्रिंट दो प्रकार के होते हैं - सक्रिय और निष्क्रिय। नीचे दिए गए मामलों पर नज़र डालें और पहचानें कि ये सक्रिय डिजिटल फ़ुटप्रिंट हैं या निष्क्रिय।

**मामला 1**


**हर बार जब आप इंटरनेट का उपयोग करते हैं, तो आप कुछ डेटा पीछे छोड़ते जाते हैं। इसमें आपका आईपी एड्रेस, लोकेशन और ब्राउज़र हिस्ट्री शामिल हैं।**


यह सक्रिय है या निष्क्रिय? ............................................

**मामला 2**

**कभी-कभी, आप स्वेच्छा से जानकारी शेयर करते हैं। उदाहरण के लिए, ऑनलाइन फ़ॉर्म भरते समय आपको ईमेल एड्रेस या फोन नंबर शेयर करना पड़ सकता है।**

यह सक्रिय है या निष्क्रिय? ............................................





गतिविधि

## ऑनलाइन एक्टिविटी लॉग

**अवधि:** 8 मिनट

अब देखते हैं कि पिछले एक सप्ताह में आपने किस प्रकार के फुटप्रिंट छोड़े हैं।


एक सप्ताह की अपनी ऑनलाइन गतिविधियों का लॉग बनाएं और प्रत्येक गतिविधि को सक्रिय या निष्क्रिय डिजिटल फ़ुटप्रिंट के आधार पर वर्गीकृत करें। उदाहरण: भेजे गये ईमेल, सोशल मीडिया पर किये गये पोस्ट, क्लास प्रोजेक्ट के लिए की गई सर्च, स्ट्रीमिंग सर्विस पर म्यूजिक सुनना।

| गतिविधि | सक्रीय | निष्क्रिय |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |



**मीडिया के सुरक्षित उपयोग के लिए सबसे अच्छे सुझाव**

1. लोग आपके बारे में क्या जानकारी देख सकते हैं, इसे नियंत्रित करने के लिए प्राइवेसी सेटिंग्स का उपयोग करें
2. सोशल मीडिया पर ज़्यादा जानकारी शेयर न करें
3. याद रखें, आप जो भी पोस्ट करते हैं, वह स्थायी होता है और वहीं रहता है।



# गतिविधि


## पोस्टर बनाना

**अवधि:** 10 मिनट

नीचे दिये गये टेम्पलेट का उपयोग करके अपने डिजिटल फ़ुटप्रिंट पर एक एडोब स्पार्क पोस्टर बनाएं।

उन सभी वेबसाइटों, ऐप्स या सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म को इसमें शामिल करें, जिन पर आपने प्रोड्क्ट ऑर्डर करने, अपनी फ़ोटो स्टोर करने, अपना मनोरंजन करने (स्ट्रीमिंग सेवाएं) आदि के लिए विजिट किया है। उन सभी जगहों के बारे में सोचें जहाँ आपने अपने डिजिटल फ़ुटप्रिंट छोड़े हैं।





## घर पर करने के लिए गतिविधि स्वयं के बारे में गूगल पर सर्च करना

**अवधि:** 15 मिनट

यह ट्राय करें स्वयं को www.google.com पर सर्च करें। अपने डिजिटल फ़ुटप्रिंट खोजें। आपने अनजाने में किस प्रकार की जानकारी छोड़ी है?

# NOTES

# 03. अतिरिक्त रिसोर्स

1. ब्लॉग| "आपके डिजिटल फुटप्रिंट क्या हैं,"
   एबरडीन विश्वविद्यालय, 25 अप्रैल, 2019

2. वर्कशीट| "आपके डिजिटल फुटप्रिंट ",
   www.code.org

4. वीडियो | "डिजिटल फुटप्रिंट क्या होता है",
   गिव ए ग्रेजुएट ए गो - ग्रेजुएट रिक्रूटमेंट एजेंसी,
   1 अक्टूबर, 2019

अध्याय 8

# क्या आप मुझे फॉलो कर रहे हैं?

# 01. सामान्य जानकारी

हालांकि इंटरनेट मुफ़्त और असीमित ज्ञान का एक समृद्ध स्रोत है और यह सब कुछ बस एक माउस के क्लिक पर उपलब्ध है लेकिन हर बार जब हम ऑनलाइन होते हैं, तो हम अपने बारे में जानकारी के कुछ ट्रेल पीछे छोड़ जाते हैं। इस ट्रेल का इस्तेमाल अक्सर कंपनियां अपने व्यावसायिक लाभ के लिए करती हैं। यह एक तरह से हमारी निजता का उलंघन है और हमें इससे अपनी सुरक्षा करने का अधिकार है।

## 1.1 सीखने का उद्देश्य

इस अध्याय को पूरा करने के बाद,

- आप समझ पायेंगे कि कुकीज़ क्या होती हैं और किसी व्यक्ति की डिजिटल प्रोफ़ाइल बनाने के लिए उनका उपयोग कैसे किया जाता है।
- आप 'लक्षित विज्ञापन' शब्द का मतलब समझ पायेंगे।
- आप समझ पायेंगे कि आपके डिजिटल फ़ुटप्रिंट का उपयोग आपको लक्षित विज्ञापन भेजने या आपके सामने प्रस्तुत करने के लिए कैसे किया जा रहा है
- सीख पायेंगे कि आप अपनी कुकीज़ सेटिंग्स के माध्यम से अपनी गोपनीयता की सुरक्षा कैसे कर सकते हैं

## 1.2 पहले से जानकारी

आपको पहले से ही निम्नलिखित की अच्छी व स्पष्ट समझ होनी चाहिए:

- सक्रिय और निष्क्रिय डिजिटल फ़ुटप्रिंट
- आपके डिजिटल फ़ुटप्रिंट के प्रभाव व परिणाम

# 02. शिक्षण योजना

## 2.1 विज्ञापन का वार

### प्रमुख प्रश्न

**क्या आपके साथ ऐसा हुआ है कि आपने कभी किसी विशेष प्रोड्क्ट के बारे में ऑनलाइन सर्च किया हो और तुरंत उसी प्रोड्क्ट से जुड़े विज्ञापनों की बाढ़ आ गई हो? ऐसा क्यों या कैसे हुआ?**

**क्या यह अनुभव सकारात्मक था या नकारात्मक? विस्तार से बतायें।**

## 2.2 कुकीज़ के बारे में


ये वीडियो देखें:
कुकीज़ के बारे में



**कुकीज़**

यह एक छोटी टेक्स्ट फ़ाइल होती है, जिसे एक वेबसाइट पर यूजर के व्यवहार को ट्रैक करने और उनकी प्राथमिकताओं को याद रखने के लिए वेबसाइट द्वारा उनके डिवाइस पर डाउनलोड किया जाता है।

कुकीज़ इंटरनेट से जुड़ी सभी गतिविधियों की जानकारी स्टोर करती हैं - यूज़र लॉगिन से जुड़ी जानकारी को याद रखने से लेकर ऑनलाइन शॉपिंग कार्ट में जोड़े गये आइटमों तक की जानकारी इसमें स्टोर रहती है!



## प्रमुख प्रश्न

**कुकीज़ क्या होती हैं और वे कैसे काम करती हैं? अपने उत्तर को स्पष्ट करने के लिए कोई उदाहरण दीजिए।**

**क्या कुकीज़ हानिकारक हो सकती हैं? उदाहरण देकर समझाइये।**

**क्या कुकीज़ मददगार हो सकती हैं? उदाहरण देकर समझाइये।**




गतिविधि

## लक्षित मार्केटिंग

**अवधि:** 15 मिनट (4 मिनट का वीडियो + 6 मिनट की चर्चा + 5 मिनट का अभ्यास)

लक्षित मार्केटिंग क्या होती है? चलिए पता करते हैं।

यह वीडियो देखें: लक्षित विज्ञापन काम कैसे करते हैं।



## प्रमुख प्रश्न

**ऐसे कौन से विज्ञापन हैं, जो आपको ऑनलाइन ब्राउज़ करते समय लगातार देखने को मिलते रहते हैं? आपको क्या लगता है, ये आपके ब्राउज़िंग हिस्ट्री से कैसे जुड़े हो सकते हैं?**


**क्या आप कभी इन लक्षित विज्ञापनों में से किसी से कुछ खरीदने के लिए प्रलोभित हुए हैं? आपका अनुभव कैसा रहा था?**

आप अपना वेब ब्राउज़र खोलकर कुकीज़ मैनेज कर सकते हैं और पता लगा सकते हैं कि कुकीज़ कहाँ स्टोर हो रखी हैं।

उदाहरण के लिए, गूगल क्रोम में 'सेटिंग्स' पर क्लिक करने के बाद 'कुकीज़ एंड अदर साइट डेटा' पर क्लिक करके कुकीज़ के स्टोर को चालू या बंद किया जा सकता है। इसके बाद, 'ब्लॉक ऑल थर्ड-पार्टी कुकीज़' चुनें।

यह कितना आसान था। आप भी यह करने की कोशिश करें।


कुकीज पर यह लेख पढ़ें और इसमें से किसी एक गतिविधि को आज़माएं



### ईयू कुकीज़ कानून

नहीं, यह इस बारे में नहीं है कि आप यूरोपीय यूनियन (ईयू) में कितनी कुकीज़ खा सकते हैं!

कानून यह नियंत्रित करता है कि कैसे किसी वेबसाइट को कुकीज़ का उपयोग करने और यूरोपीय यूनियन के भीतर आगंतुकों के व्यक्तिगत डेटा को संसाधित करने की अनुमति दी जाती है। किसी वेबसाइट पर कुकीज़ चालू करने से पहले यूजर की सहमति लेना जरूरी है।





## गतिविधि

**अभ्यास**

**अवधि:** 2 मिनट

इनमें से कौन से कथन सही हैं और कौन से गलत हैं?

- कुकीज़ से आपकी सर्च को शीघ्रता से पूर्ण करने में मदद मिलती है, अगर आपने उस विषय पर पहले से ही सर्च कर रखा है।
- थर्ड-पार्टी कुकीज़ से वेबसाइटों को विभिन्न वेबसाइटों पर आपकी प्राथमिकताएँ शेयर करने का एक तरीका मिल जाता है।
- लक्षित विज्ञापन वे विज्ञापन होते हैं, जिन्हें हर कोई इंटरनेट का उपयोग करते समय देख सकता है।
- एक बार जब आप कुछ सर्च करने लिए अपना ब्राउज़र खोलते हैं, तो वेबसाइट द्वारा एकत्र की जाने वाली कुकीज़ पर आपका कोई नियंत्रण नहीं होता है।

## घर पर करने के लिए गतिविधि

**अवधि:** 10 मिनट

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर जानकारी देते हुए एक एडोब स्पार्क वेबपेज या वीडियो बनाएं।

1. आप कौन हैं और आपको क्या पसंद है, यह समझने के लिए विज्ञापनदाता आपके डिजिटल फुटप्रिंट का उपयोग कैसे कर रहे हैं।
2. कुकीज़ क्या होती हैं और किसी व्यक्ति की डिजिटल प्रोफ़ाइल बनाने के लिए उनका उपयोग कैसे किया जाता है।

# NOTES

# NOTES

# 03. अतिरिक्त रिसोर्स

1. ब्लॉग| "कुकीज़ क्या होती हैं? इंटरनेट और कंप्यूटर कुकीज़ के लिए एक सहायक गाइड," साइमन फॉग, 25 अक्टूबर, 2021

अध्याय 9

# अपने स्क्रीन टाइम को ट्रैक करने का महत्व

# 01. सामान्य जानकारी

काम, अवकाश, मनोरंजन, व्यवसाय और शिक्षा सभी चीजें ऑनलाइन होने से, स्क्रीन और डिवाइसों के उपयोग में काफी बढ़ोतरी हुई है। इससे गंभीर मानसिक, सामाजिक, शारीरिक और भावनात्मक तनाव भी उत्पन्न हो सकते हैं। यह अध्याय बताता है कि आपका डिजिटल स्वास्थ्य क्यों जरूरी है और उन तकनीकों के बारे में जानकारी देता है जिनका उपयोग करके आप स्क्रीन पर अत्यधिक समय बिताने से बच सकते हैं।

## 1.1 सीखने का उद्देश्य

इस अध्याय को पूरा करने के बाद,

- 'डिजिटल स्वास्थ्य', 'स्क्रीन टाइम' और 'हैबिट ट्रैकर' के बारे में समझ पायेंगे।
- उन कारकों की पहचान करना सीख जायेंगें, जो आपके डिजिटल स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं
- अपनी उम्र के लिए स्क्रीन टाइम की अनुशंसित अवधि बता पायेंगें।
- पहचान पायेंगें कि आप ऑफ़लाइन गतिविधियों के साथ-साथ ऑनलाइन गतिविधियों का भी आनंद कैसे ले सकते हैं।
- समझ पायेंगे कि हैबिट ट्रैकर क्या है और इसका उपयोग स्क्रीन टाइम को ट्रैक करने के लिए कैसे किया जा सकता है।
- एक हैबिट ट्रैकर बना पायेंगें, जो आपके स्क्रीन समय और डिवाइस के उपयोग को ट्रैक करने में आपकी सहायता कर सके।

# 02. शिक्षण योजना

## 2.1 OFFLINE ACTIVITIES

### प्रमुख प्रश्न

**ऐसी कौन सी ऑफ़लाइन गतिविधियाँ हैं, जिन्हें करने में आपको मजा आता है?**


.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................

**पिछले कुछ वर्षों में लॉकडाउन और कर्फ्यू ने आपकी ऑफ़लाइन गतिविधियों को कैसे प्रभावित किया है**

.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................

**क्या आप इन दिनों ऑनलाइन अधिक काम कर रहे हैं? आप जो कर रहे हैं, उसके कुछ उदाहरण दीजिए।**

.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................................





## गतिविधि

### वर्कशीट

**अवधि:** 10 मिनट (3 मिनट का वीडियो + 7 मिनट की चर्चा)

**कदम 1:** अपनी पसंदीदा गतिविधियों के बारे में सोचें।

**कदम 2:** इन दो कॉलम में अपनी ऑनलाइन और ऑफलाइन गतिविधियों को लिखें। प्रत्येक श्रेणी में दो या तीन गतिविधियों पर गोला लगाएँ जिनमें आपको सबसे अधिक आनंद आता है।

**कदम 3:** अपनी सूची अपने साथी के साथ शेयर करें।

common sense education

GRADE 6: FINDING BALANCE IN A DIGITAL WORLD

# Balancing Act

NAME

DATE

**Directions: Part 1**

Think about the different activities you do both online and offline. Write down as many as you can think of.

| What activities do you do online? | What activities do you do offline? |
|---|---|
| | |

MEDIA BALANCE & WELL-BEING

We find balance in our digital lives.

commonsense.org/education
Shareable with attribution for noncommercial use. Remixing is permitted.

1

## प्रमुख प्रश्न

**ऐसी कौन सी ऑनलाइन और ऑफलाइन गतिविधियाँ हैं, जिन्हें आप करना पसंद करते हैं?**

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

**टीवी देखने जैसी गतिविधि कहाँ और किसके अंतर्गत आती है? क्या यह ऑनलाइन गतिविधि है या ऑफलाइन ?**

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

**जब आप 'डिजिटल स्वास्थ्य' शब्द सुनते हैं तो आपके दिमाग में क्या आता है?**

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

**जब आप 'स्क्रीन टाइम' शब्द सुनते हैं तो आपके दिमाग में क्या आता है?**

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

## 2.2 स्क्रीन टाइम

Watch this video
on screen time.

## KEY QUESTIONS

**What are all of the devices that count towards screen time?**

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

**What was the appropriate amount of screen time for children your age**

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

**What are some health implications of excess screen time?**

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

**What are some alternatives to screen time recommended by the doctor in the video?**

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

**डिजिटल स्वास्थ्य**

तकनीकी दुनिया में शारीरिक और मानसिक-सामाजिक स्वास्थ्य।

इसमें शामिल हैं:

- तकनीक और डिवाइसों के उपयोग को नियंत्रित और संयमित करना
- ऑफ़लाइन समय के साथ स्क्रीन टाइम को संतुलित करना
- यह सुनिश्चित करना कि अत्यधिक उपयोग से शारीरिक समस्याएं उत्पन्न न हों।
- टेक्नोलॉजी की लत को रोकना

**स्क्रीन टाइम**

स्क्रीन के सामने की जाने वाली गतिविधियाँ, जैसे टीवी देखना, कंप्यूटर पर काम करना या वीडियो गेम खेलना।

स्क्रीन टाइम एक गतिहीन गतिविधि है, जिसका अर्थ है कि आप बैठे-बैठे शारीरिक रूप से निष्क्रिय हो रहे हैं। स्क्रीन टाइम के दौरान बहुत कम ऊर्जा का उपयोग होता है।

क्या आप अपने स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करते हैं या यह आपको नियंत्रित करता है? चलिए पता करते हैं।

आप यह वीडियो देखें और फिर चर्चा करें डिजिटल स्वास्थ्य

## प्रमुख प्रश्न

**स्क्रीन टाइम के प्रभाव के बारे में आप क्या जानते हैं? जब आप किसी डिवाइस का उपयोग कर रहे हों, तो आपको कैसा महसूस होता है? क्या इससे ध्यान भटकता है या यह आपकी पसंद का ही काम है?**

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

**हैबिट या आदत क्या होती है? आप जो कुछ करना शुरू करते हैं वह हैबिट या आदत कैसे बन जाती है?**

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................


.................................................................................................................................

**ऐसी कौन सी सामान्य आदतें हैं, जिन्हें लोग अक्सर कहते हैं कि वे शुरू करना या बदलना चाहते हैं? क्या आपने कभी कोई अच्छी आदत बनाने की कोशिश की है? क्या आप सफल हुए हैं?**

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................




# गतिविधि

## वर्कशीट 2

**अवधि:** 10 मिनट

**कदम 1:** अपनी रोजाना की डिजिटल आदतों की सूची बनाएं।
**कदम 2:** अब, किसी सहपाठी के साथ जोड़ी बनाएं और अपनी आदतों को अपने साथी के साथ शेयर करें।
**कदम 3:** निम्नलिखित वर्कशीट भरें।

- **चयन:** एक डिजिटल आदत चुनें जिसे आप बदलना चाहते हैं या अलग तरीके से करना चाहते हैं
- **चुनौती:** अपनी आदत कैसे बदलें, इसके लिए एक योजना बनाएं।
- **बढ़ावा:** आप अपनी आदत को आसानी से बदलने के लिए क्या कर सकते हैं?
